# विविध/करेंट

## 2024

**1. सैन्य कार्य विभाग के प्रमुख के रूप में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के कर्त्तव्य कौन-से हैं?**

**1. चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष**

**2. तीनों सेवा प्रधानों (सर्विस चीफ) पर सैन्य कमान का प्रयोग करना**

**3. सभी तीनों सेवाओं (ट्राइ-सर्विस) के विषयों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

**(a) 1, 2 और 3** **(b) केवल 1 और 2**

**(c) केवल 2 और 3** **(d) केवल 1 और 3**

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:**

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS)**

- इस पद के सृजन की सिफारिश वर्ष 2001 में मंत्रियों के एक समूह (GoM) द्वारा की गई थी जिसे कारगिल समीक्षा समिति (1999) की रिपोर्ट का अध्ययन करने का काम सौंपा गया था।
- CDS का पद भी लेफ्टिनेंट जनरल D.B. शेकटकर (retd.) की अध्यक्षता वाली शेकटकर समिति की सिफारिश पर स्थापित किया गया था।

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के कर्त्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों में शामिल हैं:**

- चीफ **ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी** अध्यक्ष के रूप में कार्य करना। **अतः कथन 1 सही है।**
- **CDS तीनों सेवा प्रधानों पर किसी सैन्य कमान का प्रयोग नहीं करेगा** लेकिन वह संयुक्त अभियानों में इनके बीच समन्वय सुनिश्चित करेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- तीनों सेवाओं (ट्राइ-सर्विस) के मामलों पर माननीय रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार के रूप में कार्य करना। **अतः कथन 3 सही है।**
- तीनों सेवाओं (ट्राइ-सर्विस) के संगठनों/एजेंसियों/कमानों का प्रशासन करना।
- माननीय रक्षा मंत्री की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद का सदस्य होना।

**अतः विकल्प (d) सही है।**

**2. मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने सहित दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानीय जन-समुदाय के उत्थान के लिये सेना द्वारा संचालित अभियान (ऑपरेशन) को क्या कहा जाता है?**

**(a) ऑपरेशन संकल्प** **(b) ऑपरेशन मैत्री**

**(c) ऑपरेशन सद्भावना** **(d) ऑपरेशन मदद**

*सही उत्तर:* (c)

**व्याख्या:**

- **"ऑपरेशन सद्भावना" भारतीय सेना की एक मानवीय पहल** है जिसका उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानीय जन-समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों में सुधार कर उनका उत्थान करना है।
- विद्यालयों का संचालन करने, बुनियादी अवसंरचना का विकास करने एवं राष्ट्रीय एकीकरण यात्राओं को बढ़ावा देने सहित विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से भारतीय सेना का उद्देश्य स्थानीय आबादी का सशक्तीकरण करना, रोज़गार के अवसर प्रदान करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करना एवं इस प्रकार राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में योगदान करना है।

**अतः विकल्प (c) सही है।**

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, भारतीय सशस्त्र सेना की तीनों सेवाओं में समकक्ष रैंक के संदर्भ में सही सुमेलित है/हैं?**

| | थलसेना | वायुसेना | नौसेना |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिगेडियर | एयर कमोडोर | कमांडर |
| 2. | मेजर जनरल | एयर वाइस मार्शल | वाइस एडमिरल |
| 3. | मेजर | स्क्वाड्रन लीडर | लेफ्टिनेंट कमांडर |
| 4. | लेफ्टिनेंट कर्नल | ग्रुप कैप्टन | कैप्टन |

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

**(a) 1 और 4** **(b) 1 और 3**

**(c) 2, 3 और 4** **(d) केवल 3**

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:**

थल सेना, नौसेना तथा वायु सेना भारत की **प्राथमिक रक्षा सेवाएँ** हैं। उन्हें उनके असाधारण संगठन, संरचना, सैन्य तैयारियों एवं अनुशासन के लिये जाना जाता है, जो खतरों के साथ-साथ प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं का कुशलतापूर्वक प्रतिउत्तर देने में सक्षम हैं। इन सशस्त्र बलों में **कमीशंड अधिकारी एवं गैर-कमीशंड कार्मिक समकक्ष रैंक** रखते हैं, साथ ही इन्हें अतिरिक्त मानद रैंक भी प्रदान की जाती हैं।

| | थल सेना | वायु सेना | नौसेना |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिगेडियर | एयर कमोडोर | कमोडोर |
| 2. | मेजर जनरल | एयर वाइस मार्शल | रियर एडमिरल |
| 3. | मेजर | स्क्वाड्रन लीडर | लेफ्टिनेंट कमांडर |
| 4. | लेफ्टिनेंट कर्नल | विंग कमांडर | कमांडर |

अतः विकल्प (d) सही है।

**4. 'अभ्यास मित्र शक्ति-2023' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

**1. यह भारत और बांग्लादेश के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास था।**

**2. इसका प्रारंभ औंध (पुणे) में हुआ।**

**3. आतंकवाद-विरोधी अभियानों के दौरान संयुक्त प्रतिक्रिया इस अभियान का एक लक्ष्य था।**

**4. भारतीय वायुसेना इस अभ्यास का एक हिस्सा थी।**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिये:**

**(a) 1, 2 और 3**

**(b) 1, 2 और 4**

**(c) 1, 3 और 4**

**(d) 2, 3 और 4**

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:**

**अभ्यास मित्र शक्ति- 2023**

- भारत एवं श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास "अभ्यास मित्र शक्ति- 2023" का **नौवाँ संस्करण** आयोजित किया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी शुरुआत **औंध (पुणे)** से हुई। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस अभ्यास का उद्देश्य **आतंकवाद विरोधी अभियानों** के दौरान संयुक्त प्रतिक्रियाओं का समन्वय करना है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के 15 सैनिकों तथा श्रीलंका वायु सेना के 5 सैनिकों ने भाग लिया। **अतः कथन 4 सही है।**

अतः विकल्प (d) सही है।

**5. निम्नलिखित में से कौन "द इंडिया वे (The India Way)" और "व्हाई भारत मैटर्स (Why Bharat Matters)" पुस्तकों के लेखक हैं?**

**(a) भूपेंद्र यादव**

**(b) नलिन मेहता**

**(c) शशि थरूर**

**(d) सुब्रह्मण्यम जयशंकर**

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या: सुब्रह्मण्यम जयशंकर** एक भारतीय राजनयिक और राजनीतिज्ञ हैं जो वर्ष 2019 से भारत सरकार के विदेश मंत्री के रूप में कार्यरत हैं।

उन्होंने निम्नलिखित पुस्तकें लिखी हैं:

- **द इंडिया वे:** स्ट्रेटेजीज़ फॉर एन अनसर्टेन वर्ल्ड (2020)
- **व्हाई भारत मैटर्स** (2024)

अतः विकल्प (d) सही है।

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: बाज़ार में मिलने वाली अनेक च्युइंग गम पर्यावरणीय प्रदूषण का स्रोत मानी जाती हैं।**

**कथन-II: अनेक च्यूइंग गमों में गोंद (गम बेस) के रूप में प्लास्टिक होता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

**(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है**

**(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या *नहीं* करता है**

**(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है**

**(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है**

*सही उत्तर:* (a)

**व्याख्या:** बाज़ार में मिलने वाली कई **च्युइंग गम नॉन-बायोडिग्रेडेबल** होती हैं। चिपचिपाहट तथा नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्रकृति के कारण गम को पर्यावरण प्रदूषण का स्रोत माना जाता है। **अतः कथन-I सही है।**

- कई च्युइंग गम के गम बेस में प्लास्टिक होता है, जो आमतौर पर पॉलीविनाइल एसीटेट (PVA) होता है। प्रतिवर्ष च्युइंग गम से 105 टन से अधिक **"प्लास्टिक" कचरा** उत्पन्न होता है।
  - इसके अनुसार च्युइंग गम के अवशेष को एक खतरनाक पर्यावरण प्रदूषक माना जा सकता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

अतः विकल्प (a) सही है।

**7. निम्नलिखित सामग्रियों पर विचार कीजिये:**

**1. कृषि अवशिष्ट**

**2. मक्का के दाने**

**3. अपशिष्ट जल शोधन अवपंक**

**4. काष्ठ मिल अपशिष्ट**

**उपर्युक्त में से किसका उपयोग संधारणीय विमानन ईंधन के उत्पादन के लिये फीडस्टॉक के रूप में किया जा सकता है?**

**(a) केवल 1 और 2**

**(b) केवल 3 और 4**

**(c) 1, 2, 3 और 4**

**(d) केवल 1, 3 और 4**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्याः संधारणीय विमानन ईंधन के उत्पादन के लिये संधारणीय फीडस्टॉक्स की सूचीः**

- मकई अनाज
- तिलहन
- शैवाल
- अन्य वसा, तेल और ग्रीस
- कृषि अवशिष्ट
- वन अवशिष्ट
- काष्ठ मिल अपशिष्ट
- नगरपालिका ठोस अपशिष्ट धाराएँ
- आर्द्र अपशिष्ट (खाद, अपशिष्ट जल, अपशिष्ट जल शोधन अवपंक)
- समर्पित ऊर्जा फसलें

**अतः विकल्प (c) सही है।**

## 2023

**1. होम गार्ड के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः**

**1. होम गार्ड को होम गार्ड अधिनियम और केंद्र सरकार के नियमों के अधीन समुत्थापित किया जाता है।**

**2. होम गार्ड की भूमिका आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस को सहायक बल के रूप में सेवा देने की है।**

**3. अंतर्राष्ट्रीय सीमा/तटीय क्षेत्रों में घुसपैठ रोकने के लिये कुछ राज्यों में सीमा विंग होम गार्ड बटालियनें समुत्थापित की गई हैं।**

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

**(a) केवल एक**

**(b) केवल दो**

**(c) सभी तीन**

**(d) कोई भी नहीं**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्याः**

- 'होम गार्ड (गृहरक्षक दल) एक स्वैच्छिक बल है, जिसे भारत में सर्वप्रथम दिसंबर 1946 में नागरिक अशांति और सांप्रदायिक दंगों को नियंत्रित करने में पुलिस की सहायता के लिये स्थापित किया गया था।
- इसके बाद स्वैच्छिक नागरिक बल की अवधारणा को कई राज्यों द्वारा अपनाया गया था। वर्ष 1962 में चीन के आक्रमण के मद्देनजर, केंद्र ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सलाह दी कि वे अपने मौजूदा स्वैच्छिक संगठन को एक समान स्वैच्छिक बल में विलय करें जिसे होम गार्ड्स के रूप में जाना जाता है।
- होम गार्ड्स की स्थापना होम गार्ड अधिनियम तथा राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के नियमों के तहत की जाती है, न कि केंद्र सरकार के नियमों के तहत। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- होम गार्ड्स की भूमिका आंतरिक सुरक्षा स्थितियों के प्रबंधन में पुलिस के लिये एक सहायक बल के रूप में सेवा करना, किसी भी प्रकार की आपात स्थिति जैसे हवाई हमले, आग लगना, चक्रवात, भूकंप, महामारी आदि में समुदाय की मदद करना, आवश्यक सेवाओं को जारी रखने में मदद करना, सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना तथा सुभेद्य/कमज़ोर वर्गों की रक्षा में प्रशासन की सहायता करना, सामाजिक-आर्थिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में भाग लेना और नागरिक सुरक्षा कर्त्तव्यों का पालन करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **बॉर्डर विंग होम गार्ड्स (BWHG) की पंद्रह** बटालियनों को सीमावर्ती राज्यों में स्थापित किया गया है। जिनमें से 6 बटालियन पंजाब में, 4 बटालियन राजस्थान में, 2 बटालियन गुजरात में तथा मेघालय, त्रिपुरा एवं पश्चिम बंगाल के लिये एक-एक बटालियन अंतर्राष्ट्रीय सीमा/तटीय क्षेत्रों में होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिये सीमा सुरक्षा बल के सहायक के रूप में कार्य करेंगी। ये बाह्य आक्रमण के समय संवेदनशील क्षेत्र में VA/VPs एवं संचार लाइनों को सुरक्षा प्रदान करेंगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**2. भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजियेः**

| | **कृत्य** | | **यह कृत्य जिस अधिनियम के अधीन आता है** |
|---|---|---|---|
| **1.** | **अनधिकृत रूप से पुलिस या सेना की वर्दी को पहनना** | **:** | **शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923** |
| **2.** | **किसी पुलिस अधिकारी या सैनिक अधिकारी के ड्यूटी में तैनात होने के दौरान जान-बूझ कर उन्हें गुमराह करना या अन्यथा उनके साथ हस्तक्षेप करना** | **:** | **भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872** |
| **3.** | **बंदूक/तोप से अनुष्ठानपरक गोली/गोला दागना जिससे अन्य लोगों की वैयक्तिक सुरक्षा के लिये जोखिम हो सकता हो** | **:** | **आयुध (संशोधन) अधिनियम, 2019** |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

**(a) केवल एक** **(b) केवल दो**

**(c) सभी तीन** **(d) कोई भी नहीं**

*सही उत्तर:* **(b)**

व्याख्या:

- **आधिकारिक शासकीय गुप्त बात अधिनियम पहली बार वर्ष 1923 में अधिनियमित किया गया** जिसे स्वतंत्रता के बाद भी बरकरार रखा गया था। सरकारी कर्मचारियों तथा नागरिकों पर लागू होने वाला यह कानून जासूसी, देशद्रोह और राष्ट्र की अखंडता के लिये अन्य संभावित खतरों से निपटने हेतु रूपरेखा प्रदान करता है। यह कानून जासूसी, 'गुप्त' जानकारी साझा करने, **वर्दी का अनधिकृत उपयोग, (धारा-6 के तहत)** सूचना बाधित करने, निषिद्ध या प्रतिबंधित क्षेत्रों में सशस्त्र बलों के साथ हस्तक्षेप करने आदि को दंडनीय अपराध के रूप में वर्णित करता है। इसके अंतर्गत दोषी पाए जाने पर व्यक्ति को 14 वर्ष तक का कारावास, जुर्माना या दोनों हो सकता है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **आधिकारिक शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 की धारा 7** के तहत किसी भी निषिद्ध स्थान के आसपास कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस अधिकारी या केंद्र के सशस्त्र बलों के किसी भी सदस्य जो निषिद्ध स्थान के संबंध में संतरी, गश्ती या अन्य समान कर्तव्य को धारण करता हो, को जानबूझकर गुमराह या अन्यथा हस्तक्षेप या बाधा नहीं डालेगा। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **शस्त्र (संशोधन) अधिनियम, 2019** के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति शस्त्रों का उपयोग लापरवाही पूर्वक या जश्न मनाने के लिये करता है, जिससे मानव जीवन या दूसरों की व्यक्तिगत सुरक्षा प्रभावित होती है। इससे उसे अल्पावधि के लिये दंडनीय कारावास दिया जा सकता है जिसे बढ़ाकर दो वर्ष तक किया जा सकता है इसके साथ ही एक लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**3. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| प्रायः समाचारों में उल्लिखित होने वाले क्षेत्र | | समाचारों में होने का कारण |
|---|---|---|
| 1. उत्तरी किवू और इटुरी | : | आमनिया और अज़रबैजान के बीच युद्ध |
| 2. नागोर्नो कारबाख | : | मोज़ाम्बिक में उपप्ल |
| 3. खेरसॉन और जपोरिज़िया | : | इजराइल और लेबनान के बीच विवाद |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित है?**

**(a) केवल एक** **(b) केवल दो**

**(c) सभी तीन** **(a) कोई भी नहीं**

*सही उत्तर:* **(d)**

व्याख्या:

- **किवू और इटुरी कांगो गणराज्य से संबंधित हैं।** कांगो गणराज्य और रवांडा के बीच वर्ष 1994 में युद्ध शुरू हुआ, जिसमे 800,000 से अधिक रवांडा के तुत्सी एवं हुतस लोगों का नरसंहार कर दिया गया। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- नागोर्नो-काराबाख दक्षिण-पश्चिमी अज़रबैजान का एक क्षेत्र है। इसको पूर्व अज़रबैजान सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक (S.S.R.) के स्वायत्त ओब्लास्ट (प्रांत) एवं स्व-घोषित देश नागोर्नो-काराबाख गणराज्य नाम से जाना जाता है, जिसकी स्वतंत्रता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नहीं है। नागोर्नो-काराबाख के स्व-घोषित गणराज्य के सैनिक वर्तमान में लगभग 2,700 वर्ग मील (7,00 वर्ग किमी) क्षेत्र को नियंत्रित करते हैं, जबकि पूर्व स्वायत्त क्षेत्र में लगभग 1,700 वर्ग मील (4,400 वर्ग किमी) क्षेत्र शामिल था। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- खेरसॉन और जापोरिजिया यूक्रेन से संबंधित हैं, जो **यूक्रेन एवं रूस के बीच विवादित क्षेत्र है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: इज़राइल ने कुछ अरब राज्यों के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये हैं।**

**कथन-II: 'अरब शांति पहल' सऊदी अरब की मध्यस्थता से इज़राइल और अरब लीग के बीच हस्ताक्षरित हुआ।**

**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

**(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तब कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।**

**(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है**

**(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है**

*सही उत्तर:* **(c)**

व्याख्या:

- **मिस्र और जॉर्डन केवल दो अरब देश हैं जिनके इजरायल के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध हैं, हालाँकि सऊदी अरब और मोरक्को जैसे कुछ अन्य अरब देशों ने कथित तौर पर इसके साथ वर्षों से बैक-चैनल संचार किया है। अतः कथन 1 सही है।**
- **1970 के दशक से सऊदी अरब ने मध्य पूर्वी देशों और उनके तथा संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच क्षेत्रीय समन्वय की नीति का प्रयोग किया था।**
- **अरब-इजरायल मामलों में पिछले कुछ दशकों में सऊदी अरब ने जो विशेष स्थिति हासिल की है, वह क्षेत्रीय समन्वयक के रूप में सऊदी की भूमिका को दर्शाती है।**

- यह विश्लेषण 1980 के दशक में अरब दलों और इजरायल के बीच शांति के लिये सऊदी पहल से संबंधित है- (वर्ष 1981-1982 का 'द फहद प्लान' जिसने 'द फेज रेजोल्यूशन' का मार्ग प्रशस्त हुआ) और इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में 'द अब्दुल्लाह' पहल जिससे अरब शांति पहल' (2002-2007) का मार्ग प्रशस्त हुआ। हालाँकि, इजराइल ने आधिकारिक तौर पर इस पहल पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कुछ अन्य पहलें इस प्रकार हैं:

**अब्राहम एकॉर्ड:**

- 'अब्राहम एकॉर्ड (Abraham Accord) इजरायल और अरब देशों के बीच पिछले **26 वर्षों में पहला शांति समझौता है।**
- गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 1994 में इजरायल और जॉर्डन के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।
- अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार, यह समझौता पूरे अरब क्षेत्र में व्यापक शांति स्थापना के लिये एक नींव का काम करेगा, हालाँकि इस समझौते में इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के संदर्भ में कोई बात नहीं की गई है।
- ध्यातव्य है कि **13 अगस्त, 2020 को इजरायल-यूएई शांति समझौते की घोषणा के बाद 11 सितंबर को बहरीन-इजरायल समझौते की** घोषणा की गई थी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने अन्य अरब देशों के भी इस समझौते में शामिल होने के संकेत दिये हैं।

**I2U2 पहल:** समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और परिवहन से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए I2U2 का गठन अक्टूबर, 2021 में इजरायल और UAE के बीच अब्राहम समझौते के बाद किया गया था।

- उस समय इसे **'इंटरनेशनल फोरम फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन'** कहा जाता था।
- जिसे **'वेस्ट एशियन क्वाड'** कहा जाता था।

**5. खेल पुरस्कारों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | | |
|---|---|---|
| **1. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार** | : | **किसी खिलाड़ी द्वारा पिछले चार वर्षों की अवधि के दौरान सबसे शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये** |
| **2. अर्जुन पुरस्कार** | : | **किसी खिलाड़ी द्वारा जीवन-काल की उपलब्धियों के लिये** |
| **3. द्रोणाचार्य पुरस्कार** | : | **उन प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों को सम्मानित करने के लिये जिन्होंने सफलतापूर्वक खिलाड़ियों या टीमों को प्रशिक्षित किया है** |
| **4. राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार** | : | **खिलाड़ियों द्वारा रिटायर होने के बाद भी किये गए योगदान की सराहना करने के लिये** |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

**(a) केवल एक**
**(b) केवल दो**
**(c) केवल तीन**
**(d) सभी चार**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**

- **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार** का नाम बदलकर **मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार** कर दिया गया है। परिवर्तित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के अंतर्गत 25 लाख रुपए की नकद राशि पुरस्कार के रूप में दी जाती है। **यह चार वर्ष की अवधि में एक खिलाड़ी** द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट उपलब्धि को मान्यता देने हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 1961 में **अर्जुन पुरस्कार** की स्थापना की गई थी। यह विगत चार वर्षों की अवधि में अच्छे प्रदर्शन और नेतृत्व, खेल कौशल एवं अनुशासन के लिये दिया जाता है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- खेल प्रशिक्षण में उत्कृष्टता को सम्मानित करने हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 1985 में द्रोणाचार्य पुरस्कार की स्थापना की गई थी। यह प्रशिक्षकों को निरंतर आधार पर उत्कृष्ट एवं मेधावी कार्य करने तथा खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम बनाने के लिये दिया जाता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार वर्ष 2009 में स्थापित किया गया था। यह कॉर्पोरेट संस्थाओं (निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में), खेल नियंत्रण बोर्डों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल निकायों सहित गैर सरकारी संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने खेल संवर्द्धन एवं विकास के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।**

**6. 44वें शतरंज ओलिम्पियाड, 2022 के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. यह पहली बार था, जब शतरंज ओलिम्पियाड भारत में आयोजित किया गया।**
**2. इसके अधिकृत शुभंकर को 'थम्बी' नाम दिया गया था।**
**3. ओपेन सेक्शन में जीतने वाली टीम के लिये ट्रॉफी, वेरा मेंचिक कप होती है।**
**4. महिला विभाग (सेक्शन) में जीतने वाली टीम के लिये ट्रॉफी, हैमिल्टन-रसेल कप होती है।**

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1927 में वेस्टमिंस्टर सेंट्रल हॉल में लंदन में आयोजित पहला आधिकारिक ओलंपियाड 'टूर्नामेंट ऑफ नेशंस' के रूप में जाना जाता था। वर्ष 2022 में **शतरंज ओलंपियाड का आयोजन पहली बार शतरंज की जन्मस्थली भारत में किया गया है।** यह 3 दशकों में **पहली बार एशिया में आयोजित हुआ है।** इसमें भाग लेने वाले देशों एवं टीमों की संख्या सबसे अधिक थी। साथ ही इसमें महिला वर्ग में सबसे अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- 44वें शतरंज ओलंपियाड का आधिकारिक शुभंकर **'थम्बी (Thambi)' है। तमिल भाषा में 'थम्बी' शब्द का अर्थ है - छोटा भाई। अत: कथन 2 सही है।**
- ओपन सेक्शन में विजेता टीम को हैमिल्टन-रसेल कप प्रदान किया जाता है, जिसे इंग्लिश मैग्नेट फ्रेडरिक हैमिल्टन-रसेल ने प्रथम ओलंपियाड (लंदन 1927) के लिये पुरस्कार के रूप में पेश किया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- पहली महिला **विश्व शतरंज चौंपियन** के सम्मान में विजेता महिला टीम की ट्रॉफी को **वेरा मेनचिक कप** के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

**7. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **समाचारों में उल्लिखित संघर्ष का क्षेत्र** | | **जिस देश में अवस्थित है** |
|---|---|---|
| **1. डोनबास** | : | **सीरिया** |
| **2. काचिन** | : | **इथियोपिया** |
| **3. टिग्रे** | : | **उत्तरी यमन** |

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

**(a) केवल एक** **(b) केवल दो**
**(c) सभी तीन** **(d) कोई भी नहीं**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**

- डोनबास यूक्रेन के डोनेट्स बेसिन में स्थित है। यह दक्षिणपूर्वी यूरोप का एक बड़ा खनन और औद्योगिक क्षेत्र है, जो अपने कोयले के वृहद् भंडार हेतु प्रसिद्ध है। डोनबास के औद्योगिक क्षेत्र में डोनेट्स्क एवं लुहांस्क के अधिकांश यूक्रेनी ओब्लास्टी (प्रांत) शामिल हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- 'काचिन' जिंगपॉ शब्द 'गाख्येन' से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'लाल पृथ्वी (Red Earth)', यह ऊपरी इरावदी नदी की दो शाखाओं की घाटी क्षेत्र में प्रभावशाली पारंपरिक शासकों का सबसे बड़ा संकेद्रण है। काचिन लोग ज़्यादातर म्याँमार (बर्मा) के काचिन राज्य में पाए जाते हैं, साथ ही उत्तरी शान राज्य के कुछ क्षेत्रों में, चीन के युन्नान के दक्षिण-पश्चिम में एवं भारत के पूर्वोत्तर राज्यों (असम व अरुणाचल प्रदेश) में पाए जाते हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- Tigray/टाइग्रे/टिग्रे उत्तरी इथियोपिया का ऐतिहासिक क्षेत्र है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**8. हाल के वर्षों में, चाड, गिनी, माली और सूडान ने निम्नलिखित में से किस एक कारण से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया, जो इन सभी देशों से संबंधित है?**

**(a) दुर्लभ मृदा तत्त्वों से समृद्ध निक्षेपों की खोज**
**(b) चीनी सैन्य बेस का स्थापित होना**
**(c) सहारा मरुस्थल का दक्षिणाभिमुखी प्रसार**
**(d) सफल तख्ता-पलट**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**

- अफ्रीकियों ने पिछले कुछ वर्षों में सैन्य तख्तापलट की शृंखला का अनुभव किया है। हाल के अधिकांश सैन्य अधिग्रहण पश्चिम अफ्रीका में हुए हैं, हालाँकि विश्व के अन्य क्षेत्रों में भी इस प्रवृत्ति के व्यापक प्रसार का भय बना हुआ है।
- पश्चिम अफ्रीका में तख्तापलट की प्रवृत्ति चाड से शुरू हुई। वहीं माली ने 18 महीनों के भीतर दो सैन्य तख्तापलट हुए, जिसमें आखिरी तख्तापलट अगस्त 2020 में हुआ था।
- सूडान की सेना ने नागरिक प्रशासन के साथ अपने तनावपूर्ण सह-अस्तित्व को समाप्त करने हेतु वर्ष 2021 में तख्तापलट किया।
- वर्ष 2021 में गिनी की सेना द्वारा राष्ट्रपति को पद से हटाना निरंकुश अतिक्रमण, आर्थिक कुप्रबंधन और लोकतांत्रिक मानदंडों के पतन का परिणाम था, जो क्षेत्रीय संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों की उभरती हुई तख्तापलट प्रक्रिया का समाधान और संबोधित करने की अपर्याप्तता को उजागर करता है।
- यही कारण है कि ये देश अपने सफल तख्तापलट हेतु खबरों में हैं। **अत: विकल्प (d) सही है।**

**9. G-20 के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. G-20 समूह की मूल रूप से स्थापना वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा के मंच के रूप में की गई थी।**
**2. डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा भारत की G-20 प्राथमिकताओं में से एक है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**
**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1 और न ही 2**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:**

- इसकी स्थापना वर्ष 1999 में एशियाई वित्तीय संकट के बाद वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों हेतु एक मंच के रूप में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**

- वर्ष 2007 एवं 2009 के वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संकट के कारण इसमें राज्य/सरकार के प्रमुखों को शामिल करने के रूप में अपग्रेड किया गया था।
- G20 शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।
- यह शुरुआत में बड़े पैमाने पर व्यापक आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित था लेकिन इसके बाद इसमें व्यापार, सतत् विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन के साथ भ्रष्टाचार विरोधी पहलों को शामिल किया गया था।

**डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा (DPI)**

- यह कई साध्यों हेतु एक साझा साधन है। यह डिजिटल परिवर्तन का एक महत्त्वपूर्ण प्रवर्तक है और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार करने में सहायक रहा है।
- अच्छी तरह से डिजाइन और कार्यान्वित होने के साथ यह देशों को उनकी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्राप्त करने और सतत् विकास लक्ष्यों को गति देने में मदद कर सकता है।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार** ने **भारत की G20 अध्यक्षता के दौरान** डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे पर सामूहिक कार्रवाई करने के लिए **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के साथ भागीदारी की है। अतः कथन 2 सही है।**

**10. भारत की ध्वज-संहिता, 2002 के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारत के राष्ट्रीय ध्वज का एक मानक आमाप 600 मि०मी० × 400 मि०मी० है।**

**कथन-II: ध्वज की लंबाई से ऊँचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3 : 2 होगा।**

**उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?**

**(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है**

**(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है**

**(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय ध्वज का मानक आमाप निम्नानुसार है:

| | |
|---|---|
| 1 | 6300 × 4200 |
| 2 | 3600 × 2400 |
| 3 | 2700 × 1800 |
| 4 | 1800 × 1200 |
| 5 | 1350 × 900 |
| 6 | 900 × 600 |
| 7 | 450 × 300 |
| 8 | 225 × 150 |
| 9 | 150 × 100 |

- **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय ध्वज का आकार आयताकार है। ध्वज की लंबाई एवं ऊँचाई (चौड़ाई) का अनुपात **3:2 होगा। अतः कथन 2 सही है।**

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र के सभी देशों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के लिये अभी तक की पहली संविदा, 'सुरक्षित, व्यवस्थित और नियमित प्रवास के लिये वैश्विक संविदा [ग्लोबल कॉम्पैक्ट पर सेफ, ऑर्डरली ड रेगुलर माइग्रेशन (जी.सी.एम.)]' अपनाई है।**

**2. जी.सी.एम. में अधिकथित उद्देश्य और प्रतिबद्धताएँ यू. एन. सदस्य देशों पर बाध्यकारी है।**

**3. जी.सी.एम. अपने उद्देश्यों और प्रतिबद्धताओं के अंतर्गत आंतरिक प्रवास या आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिये भी कार्य करती है।**

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

**(a) केवल एक** **(b) केवल दो**

**(c) सभी तीन** **(d) कोई भी नहीं**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:**

- सितंबर 2016 में अफ्रीका और पश्चिम एशिया के काफी प्रवासी यूरोप पहुँच गए जिसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों ने मानव गतिशीलता हेतु व्यापक दृष्टिकोण तथा वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ाने के लिये शरणार्थियों और प्रवासियों से संबंधित न्यूयॉर्क घोषणा को अपनाया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2018 में ग्लोबल कॉम्पैक्ट को अपनाया गया था।
- न्यूयॉर्क घोषणा में शरणार्थियों और प्रवासियों के प्रति प्रतिबद्धताओं के साथ ग्लोबल कॉम्पैक्ट ऑन रिफ्यूजी तथा ग्लोबल कॉम्पैक्ट फॉर सेफ,ऑर्डरली एंड रेगुलर माइग्रेशन को अपनाने से संबंधित घटकों को शामिल किया गया था।
- हाल ही में **ऑस्ट्रिया ने ग्लोबल कॉम्पैक्ट के प्रवास-समर्थक दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए यह घोषणा** की कि वह ऐसे किसी प्रवासन समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करेगा जो ऑस्ट्रिया की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये एक खतरे का प्रतिनिधित्व करता हो। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ग्लोबल कॉम्पैक्ट फॉर सेफ ऑर्डरली एंड रेगुलर माइग्रेशन, गैर-कानूनी रूप से बाध्यकारी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमित प्रवासन के लिये ग्लोबल कॉम्पैक्ट विश्व का पहला, अंतर-सरकारी समझौता है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के सभी आयामों को समग्र एवं व्यापक रूप से शामिल किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

12. जननी सुरक्षा योजना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह राज्यों के स्वास्थ्य विभागों की एक सुरक्षित मातृत्व की योजना है।
2. इसका उद्देश्य गरीब गर्भवती महिलाओं में मातृ तथा नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।
3. इसका लक्ष्य गरीब गर्भवती महिलाओं के लिये स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव को बढ़ावा देना है।
4. इसके उद्देश्यों में एक वर्ष की आयु तक के बीमार बच्चों को लोक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना शामिल है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

*सही उत्तर:* (b)

**व्याख्या: जननी सुरक्षा योजना :**

- यह योजना **12 अप्रैल, 2005 को शुरू हुई थी**, जिसे सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में लागू की जा रही है, जिसमें कम प्रदर्शन करने वाले राज्यों पर विशेष जोर दिया गया है।
- **यह राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (National Rural Health Mission-NRHM)** के तहत एक सुरक्षित मातृत्त्व योजना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे गरीब गर्भवती महिलाओं के बीच संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से लागू किया गया था। **अत: कथन 2 और 3 सही हैं।**
- एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को लोक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना योजना का उद्देश्य नहीं है। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

13. निम्नलिखित देशों में से किस एक के पास अपनी उपग्रह मार्गनिर्देशन (नेविगेशन) प्रणाली है?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) कनाडा
(c) इज़रायल (d) जापान

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या: विश्व में संचालित मार्गनिर्देशन (नेविगेशन) प्रणालियाँ**

- अमेरिका की GPS
- रूस की GLONASS
- यूरोपीय संघ की Galileo
- चीन की BeiDou
- भारत की NavIC
- जापान की QZSS
- **अत: विकल्प (d) सही है।**

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** संयुक्त राष्ट्रसंघ की 'विश्व जल विकास रिपोर्ट, 2022' के अनुसार, भारत प्रतिवर्ष विश्व के भौम जल के एक-चौथाई से अधिक जल का निष्कर्षण करता है।

**कथन-II:** भारत को अपने राज्यक्षेत्र में रहने वाली विश्व की लगभग 18% जनसंख्या के पेय जल और स्वच्छता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये प्रतिवर्ष विश्व में भौम जल के एक-चौथाई से अधिक जल का निष्कर्षण करने की ज़रूरत है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-1 और कथन-II दोनों सही है कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है।

*सही उत्तर:* (c)

**व्याख्या:**

- **भारत विश्व में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्त्ता है। विश्व बैंक के अनुसार यह प्रति वर्ष अनुमानित 230 क्यूबिक किलोमीटर वैश्विक कुल के एक चौथाई से अधिक भूजल का उपयोग करता है।**
- 60% से अधिक सिंचित कृषि और 85% पेयजल आपूर्ति, भूजल पर निर्भर है। अविश्वसनीय एवं अपर्याप्त सार्वजनिक जल आपूर्ति के कारण शहरी निवासी भूजल पर निर्भर हैं **(क्योंकि 89% भूजल का उपयोग सिंचाई के लिये किया जाता है)। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

Fifteen countries with the largest estimated annual groundwater extractions (2010)

| Country | Population 2010 (in thousands) | Groundwater extraction | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Estimated groundwater extraction 2010 (km³/year) | Breakdown by sector | | |
| | | | Groundwater extraction for irrigation (%) | Groundwater extraction for domestic use (%) | Groundwater extraction for industry (%) |
| India | 1 224 614 | 251.0 | 89 | 9 | 2 |
| China | 1 341 335 | 112.0 | 54 | 20 | 26 |
| USA | 310 384 | 111.7 | 71 | 23 | 6 |
| Pakistan | 173 593 | 64.8 | 94 | 6 | 0 |
| Iran | 73 974 | 63.4 | 87 | 11 | 2 |
| Bangladesh | 148 692 | 30.2 | 86 | 13 | 1 |
| Mexico | 113 423 | 29.5 | 72 | 22 | 6 |
| Saudi Arabia | 27 448 | 24.2 | 92 | 5 | 3 |
| Indonesia | 239 871 | 14.9 | 2 | 93 | 5 |
| Turkey | 72 752 | 13.2 | 60 | 32 | 8 |
| Russia | 142 985 | 11.6 | 3 | 79 | 18 |
| Syria | 20 411 | 11.3 | 90 | 5 | 5 |
| Japan | 126 536 | 10.9 | 23 | 29 | 48 |
| Thailand | 69 122 | 10.7 | 14 | 60 | 26 |
| Italy | 60 551 | 10.4 | 67 | 23 | 10 |

उपरोक्त आँकड़ों से भारत के वैश्विक भूजल का लगभग आधा भाग उत्सर्जित होता है। **अत: कथन 1 सही है।**

15. निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश, दशकों से गृहकलह और खाद्य संकट से त्रस्त रहा है तथा हाल के पिछले दिनों में अति गंभीर दुर्भिक्ष के लिये समाचारों में था?

(a) अंगोला (b) कोस्ता रीका
(c) इकाडोर (d) सोमालिया

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:**

- **सोमालिया दशकों से गृह युद्ध और खाद्य संकट से जूझ रहा है, हाल के पिछले दिनों में यह अति गंभीर और दुर्भिक्ष के लिये समाचारों में था।**
- सोमालिया लंबे समय तक सूखे, संघर्ष, विस्थापन और असुरक्षा से प्रभावित रहा है, जिसके परिणामस्वरूप लाखों लोगों को गंभीर खाद्य असुरक्षा और कुपोषण का सामना करना पड़ा है।
- **वर्ष 2021 में सोमालिया को पिछले 25 वर्षों की तुलना में गंभीर रूप से रेगिस्तानी टिड्डे के प्रकोप का सामना करना पड़ा,** जिसने खाद्य सुरक्षा और आजीविका को और संकट में डाल दिया।
- रिपोर्ट में खाद्य संकट का सामना कर रहे अन्य देशों का भी उल्लेख किया गया है, जैसे कि इथियोपिया, दक्षिण सूडान, यमन, अफगानिस्तान और सीरिया आदि।

## 2022

**1. "संयुक्त राष्ट्र प्रत्यय समिति (युनाईटेड नेशंस क्रेडेंशियल्स कमिटी)" के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. यह संयुक्त राष्ट्र (UN) सुरक्षा परिषद् द्वारा स्थापित समिति है और इसके पर्यवेक्षण के अधीन काम करती है।**

**2. पारंपरिक रूप से प्रति वर्ष मार्च, जून और सितंबर में इसकी बैठक होती है।**

**3. यह महासभा को अनुमोदन हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पूर्व सभी UN सदस्यों के प्रत्ययों का आकलन करती है।**

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 3** **(b) 1 और 3**
**(c) 2 और 3** **(d) 1 और 2**

*सही उत्तर:* (a)

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के प्रत्येक नियमित सत्र की शुरुआत में एक प्रत्यय समिति नियुक्त की जाती है।
- इसमें नौ सदस्य होते हैं, जिन्हें UNGA अध्यक्ष के प्रस्ताव पर महासभा द्वारा नियुक्त किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- समिति प्रतिनिधियों की साख पर विधानसभा को रिपोर्ट करती है।
- प्रतिनिधियों की साख और प्रत्येक सदस्य राज्य के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के नाम महासचिव को प्रस्तुत किये जाते हैं और या तो राज्य या सरकार के प्रमुख या विदेश मामलों के मंत्री द्वारा जारी किये जाते हैं।
- समिति के लिये सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों की साख की जाँच करना और उस पर महासभा को रिपोर्ट करना अनिवार्य है। अत: कथन 3 सही है।
- आमतौर पर, समिति की बैठक नवंबर में होती है, दिसंबर में आम सभा के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**2. संयुक्त राष्ट्र महासभा के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. UN महासभा, गैर-सदस्य राज्यों को प्रेक्षक स्थिति प्रदान कर सकती है।**

**2. अंत:सरकारी संगठन UN महासभा में प्रेक्षक स्थिति पाने का प्रयत्न कर सकते हैं।**

**3. UN महासभा में स्थायी प्रेक्षक UN मुख्यालय में मिशन बनाए रख सकते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

**(a) केवल** 1 **और** 2 **(b) केवल 2 और 3**
**(c) केवल** 1 **और** 3 **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र के गैर-सदस्य राज्य, जो एक या अधिक विशिष्ट एजेंसियों के सदस्य हैं, स्थायी पर्यवेक्षक के दर्जे के लिये आवेदन कर सकते हैं।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा गैर-सदस्य राज्यों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और अन्य संस्थाओं को स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा दे सकती है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- एक स्थायी पर्यवेक्षक का दर्जा विशुद्ध रूप से अभ्यास पर आधारित होता है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर में इसके लिये कोई प्रावधान नहीं हैं।
- इस प्रणाली की शुरुआत वर्ष 1946 में हुई, जब महासचिव ने संयुक्त राष्ट्र में एक स्थायी पर्यवेक्षक के रूप में स्विस सरकार के पद को स्वीकार किया।
- धीरे-धीरे कुछ राज्यों द्वारा पर्यवेक्षकों को आगे रखा गया जो बाद में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य बन गए इनमें ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, इटली और जापान शामिल थे। 10 सितंबर, 2002 को स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
- स्थायी पर्यवेक्षकों के पास अधिकांश बैठकों और प्रासंगिक दस्तावेज़ों तक निशुल्क पहुँच होती है।
- कई क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी महासभा के कार्य और वार्षिक सत्रों में पर्यवेक्षक हैं।
- स्थायी पर्यवेक्षक संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महासभा के सत्रों और कार्यों में भाग ले सकते हैं और मिशनों को जारी रख सकते हैं। अत: कथन 3 सही है।

**3. निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित सेंकाकू द्वीप विवाद को सर्वोत्तम रूप में प्रतिबिंबित करता है?**

**(a) आम तौर पर यह माना जाता है कि वे दक्षिणी चीन सागर के आसपास किसी देश द्वारा निर्मित कृत्रिम द्वीप हैं।**

**(b) चीन और जापान के बीच पूर्वी चीन सागर में इन द्वीपों के विषय में समुद्री विवाद होता रहता है।**

**(c) वहाँ ताइवान को अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करने के लिए एक स्थायी अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थापित किया गया है।**

**(d) यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने उन्हें अस्वामिक भूमि घोषित किया है, तथापि कुछ दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश उन पर दावा करते हैं।** *सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**

- सेंकाकू द्वीप कृत्रिम द्वीप नहीं बल्कि एक प्राकृतिक द्वीप है। यह आठ निर्जन द्वीपों का समूह है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सेंकाकू द्वीप विवाद चीन और जापान के बीच ज्ञात निर्जन द्वीपों के एक समूह पर क्षेत्रीय विवाद से संबंधित है। जापान और चीन दोनों ही इन द्वीपों के स्वामित्व का दावा करते हैं। सेंकाकू द्वीप पूर्वी चीन सागर में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।
- अमेरिका ने सेंकाकू द्वीप पर स्थायी सैन्य ठिकाने स्थापित नहीं किये लेकिन अमेरिका और जापानी सैन्य बलों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने सेंकाकू द्वीप के संबंध में नो मैंस लैंड जैसा कोई फैसला नहीं दिया है। अत: कथन 4 सही नहीं है।

## 2021

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. यूनिसेफ (UNICEF) द्वारा 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया गया।**

**2. पाकिस्तान की संविधान सभा में यह मांग रखी गई कि राष्ट्रभाषाओं में बांग्ला को भी सम्मिलित किया जाए।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1**

**(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों**

**(d) न तो 1 और न ही 2** *सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 17 नवंबर, 1999 को पहली बार यूनेस्को (UNESCO) ने '21 फरवरी' को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया था। इसे संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा अपने प्रस्ताव 56/262 द्वारा अपना लिया गया। अत: कथन 1 गलत है।

- 7 मई, 1954 को मुस्लिम लीग के समर्थन से पाकिस्तान की संविधान सभा ने बांग्ला भाषा को राजभाषा (राष्ट्रभाषा) का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित किया। 29 फरवरी, 1956 को पाकिस्तान के पहले संविधान में अनुच्छेद 214(1) में उर्दू के साथ बांग्ला भाषा को भी राजभाषा का दर्जा दिया गया था। अत: कथन 2 सही है। अत: विकल्प (b) सही है।

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन 1: संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास निधि (यू.एन.सी.डी.एफ.) और आर्बर डे फाउंडेशन ने हाल ही में हैदराबाद को विश्व के 2020 वृक्ष नगर की मान्यता प्रदान की है।**

**कथन 2: शहरी वनों को बढ़ाने और संपोषित करने के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए हैदराबाद का एक वर्ष के लिये इस मान्यता हेतु चयन किया गया है।**

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

**(a) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं और कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या है**

**(b) कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, किंतु कथन 2, कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है**

**(c) कथन 1 सही है, किंतु कथन 2 सही नहीं है**

**(d) कथन 1 सही नहीं है, किंतु कथन 2 सही है**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** हैदराबाद भारत का वह एकमात्र शहर है, जिसे आर्बर डे फाउंडेशन और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा एक वर्ष के लिये '2020 विश्व के वृक्ष नगर' के रूप में मान्यता दी गई है। हैदराबाद को 63 देशों के 119 अन्य शहरों के साथ यह मान्यता प्रदान की गई है। स्वस्थ और खुशहाल नगरों के निर्माण में नगरीय वनों को बढ़ाने और संपोषित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिये इन्हें वृक्ष नगर की मान्यता दी गई है। ध्यातव्य है कि संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम इस सूची में अधिकतम नगरों वाले देश हैं, जिनमें क्रमश: 38, 15 और 11 नगर हैं। अत: कथन (d) सही है।

**3. वर्ष 2000 में प्रारंभ किये गए लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार (लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. अमेरिकी गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स इस पुरस्कार का सर्वप्रथम विजेता थे।**

**2. अब तक यह पुरस्कार अधिकतर 'फॉर्मूला वन' के खिलाड़ियों को मिला है।**

**3. अन्य खिलाड़ियों की तुलना में रॉजर फेडरर को यह पुरस्कार सर्वाधिक बार मिला है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

**(a) केवल 1 और 2**

**(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 1 और 3**

**(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:**

- लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार का आयोजन पहली बार 2000 में किया गया था। इसके अंतर्गत छह श्रेणियों (पुरुष खिलाड़ी, महिला खिलाड़ी, टीम, ब्रेकथ्रू, कमबैक और एक्शन) में पुरस्कार दिये जाते हैं।
- वर्ष 2000 में विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिये लॉरियस खेल पुरस्कार गोल्फर टाइगर वुड्स ने जीता था। अत: कथन 1 सही है।
- अब तक वितरित किये गए 21 पुरस्कारों में से अधिकतर 'लॉन टेनिस' के खिलाड़ियों ने जीते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- स्विट्ज़रलैंड के टेनिस खिलाड़ी रॉजर फेडरर ने अब तक सर्वाधिक 5 बार यह पुरस्कार जीता है। अत: कथन 3 सही है। विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**4. 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. इस ओलंपिक का आधिकारिक आदर्श वाक्य 'एक नई दुनिया (ए न्यू वर्ल्ड)' है।**

**2. इस ओलंपिक में स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, कराटे तथा बेसबॉल को शामिल किया गया है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1 और न ही 2**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 2021 में टोक्यो में आयोजित किये गए 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आधिकारिक आदर्श वाक्य 'यूनाइटेड बाई इमोशन' (United by Emotion) था। यह आदर्श वाक्य विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाने की खेल की शक्ति पर ज़ोर देता है और उनके लिये इस तरह से जुड़ना और जश्न मनाना संभव बनाता है, जो उनके मतभेदों से परे हो। अत: कथन 1 सही नहीं है।

इस ओलंपिक में कुल छह नए खेल-स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सर्फिंग, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, कराटे तथा स्केटबोर्डिंग शामिल किये गए थे। अत: कथन 2 सही है। विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**5. आई.सी.सी. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. अंतिम दौर में पहुँचने वाली टीमों का निर्धारण, उनके द्वारा जीते गए मैचों की संख्या के आधार पर किया गया।**

**2. न्यूज़ीलैंड का स्थान इंग्लैंड से ऊपर था, क्योंकि उसने इंग्लैंड की तुलना में अधिक मैच जीते।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1**

**(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों**

**(d) न तो 1 और न ही 2**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंतिम दौर में पहुँचने वाली टीमों का निर्धारण उनके द्वारा प्रतिस्पर्धित पॉइंट्स की तुलना में जीते गए पॉइंट्स के प्रतिशत (Percentage of Points Contested) के आधार पर किया गया था। इसी आधार पर 2019-2021 के बीच टेस्ट सीरीज़ खेलने वाली टीमों की रैंकिंग तैयार की गई थी। टूर्नामेंट के अंत (जून 2021) में रैंकिंग में शीर्ष 2 स्थानों पर रही टीमों के बीच फाइनल खेला गया। उदाहरण- भारत ने संपूर्ण वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में कुल 720 पॉइंट्स के लिये प्रतिस्पर्धा की, जिसमें से उसने 520 पॉइंट्स, अर्थात् 72.2 प्रतिशत पॉइंट्स जीते और रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए फाइनल में जगह बनाई। अत: कथन 1 सही नहीं है।

उल्लेखनीय है कि न्यूज़ीलैंड ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 7 मैच जीते थे, जबकि इंग्लैंड ने इसी दौरान 11 मैच जीते थे। परंतु चूँकि न्यूज़ीलैंड द्वारा कुल प्रतिस्पर्धित पॉइंट्स में से 70 प्रतिशत जीते गए थे जबकि इंग्लैंड ने केवल 64.1 प्रतिशत पॉइंट्स जीते थे, इसी आधार पर न्यूज़ीलैंड का स्थान इंग्लैंड से ऊपर था। अत: कथन 2 सही नहीं है। विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

## 2020

**1. भारत में, "पब्लिक की इंफ्रास्ट्रक्चर" (Public Key Infrastructure) पदबंध किसके प्रसंग में प्रयुक्त किया जाता है?**

**(a) डिजिटल सुरक्षा आधारभूत संरचना**

**(b) खाद्य सुरक्षा आधारभूत संरचना**

**(c) स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा आधारभूत संरचना**

**(d) दूरसंचार और परिवहन आधारभूत संरचना**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** "पब्लिक की इंफ्रास्ट्रक्चर" आधारित व्यवस्था के अंतर्गत उपयोगकर्ता द्वारा आँकड़ों अथवा धन को इंटरनेट के माध्यम से डिजिटल रूप में, क्रिप्टोग्राफिक कुंजियों का प्रयोग कर एक सुरक्षित माध्यम में परिवर्तित किया जा सकता है। अत: विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

**2. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-**

| *अंतर्राष्ट्रीय समझौता/संगठन* | | *विषय* |
|---|---|---|
| 1. अल्मा-आटा घोषणा | : | लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल |
| 2. हेग समझौता | : | जैविक एवं रासायनिक शस्त्र |
| 3. तलानोआ संवाद | : | वैश्विक जलवायु परिवर्तन |
| 4. अंडर2 गठबंधन | : | बाल अधिकार |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 4**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) केवल 2, 3 और 4**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** युग्मों का सही सुमेलन इस प्रकार है-

1. **अल्मा-आटा घोषणा:** लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल से संबंधित
2. **हेग समझौता:** बाल अधिकारों से संबंधित (विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय बाल अपहरण के नागरिक पहलुओं को लेकर)
3. **तलानोआ संवाद:** वैश्विक जलवायु परिवर्तन से संबंधित
4. **अंडर-2 गठबंधन:** पेरिस समझौते के अनुरूप महात्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई के लिये प्रतिबद्ध वैश्विक सरकारों का समूह

**3. कभी-कभी समाचारों में पाया जाने वाला पद 'वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (West Texas Intermediate)' निम्नलिखित में से किस एक पदार्थ की श्रेणी से संबंधित है?**

**(a) कच्चे तेल की**

**(b) बहुमूल्य-धातु (Bullion) की**

**(c) दुर्लभ मृदा तत्त्वों की**

**(d) यूरेनियम की**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (West Texas Intermediate) कच्चा तेल (Crude Oil) से संबंधित है तथा यह ब्रेंट और दुबई क्रूड के साथ तेल के मूल्य निर्धारण में मुख्य बेंचमार्क में से एक है। यह मुख्य रूप से टेक्सास से प्राप्त किया जाता है। यह दुनिया में उच्चतम गुणवत्ता वाले तेलों में से एक है, जिसे परिष्कृत करना आसान है। यह न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज (NYMEX) के तेल वायदा अनुबंध के अंतर्गत अंतर्निहित वस्तु है। सामान्यतया वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट की तुलना ब्रेंट क्रूड से की जाती है, जो दुनिया के दो-तिहाई तेल अनुबंधों के लिये तेल बेंचमार्क है। अत: विकल्प (a) सही है।

## 2019

**1. हाल ही में हमारे देश में हिमालयी बिच्छू-बूटी (जिरार्डीनिया डाइवर्सीफोलिया) के महत्त्व के बारे में बढ़ती हुई जागरूकता थी, क्योंकि यह पाया गया है कि**

**(a) यह एंटी-मलेरिया औषध का संधारणीय स्रोत है**

**(b) यह जैव डीजल का संधारणीय स्रोत है**

**(c) यह कागज़ उद्योग के लिये लुगदी का संधारणीय स्रोत है**

**(d) यह वस्त्रतंतु का संधारणीय स्रोत है**

*सही उत्तर:* **(d)**

व्याख्या: जिरार्डीनिया डाइवर्सीफोलिया को आमतौर पर हिमालयी बिच्छू-बूटी या नीलगिरि बिच्छू बूटी के नाम से जाना जाता है। यह मुख्यत: खुली वन भूमि, नदी के किनारों, नेपाल में नम निवास और भारत के हिमालयी भागों, जैसे- उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बहुतायत में पाया जाता है। इसका पौधा एक झुरमुट के रूप में बढ़ता है और प्रत्येक झुरमुट में कई तने होते हैं। इन तनों में अद्वितीय गुणवत्ता का वस्त्रतंतु (टेक्सटाइल फाइबर) होता है जो मज़बूत, चिकना और हल्का होता है। हिमालयी बिच्छू-बूटी पौधे से उत्पन्न रेशों का वस्त्र उद्योग में उपयोग काफी लोकप्रिय हो रहा है।

**2. भारत में विशिष्टत: असुरक्षित जनजातीय समूहों [पर्टिकुलरली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप्स (PVTGs)] के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. PVTGs देश के 18 राज्यों तथा एक संघ राज्यक्षेत्र में निवास करते हैं।**

**2. स्थिर या कम होती जनसंख्या, PVTG स्थिति के निर्धारण के मानदंडों में से एक है।**

**3. देश में अब तक 95 PVTGs आधिकारिक रूप से अधिसूचित हैं।**

**4. PVTGs की सूची में ईरूलार और कोंडा रेड्डी जनजातियाँ शामिल की गई हैं।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

**(a) 1, 2 और 3** **(b) 2, 3 और 4**

**(c) 1, 2 और 4** **(d) 1, 3 और 4**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** PVTGs देश के 18 राज्यों (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, झारखंड, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल) तथा एक संघ राज्यक्षेत्र (अंडमान-निकोबार द्वीप) में निवास करते हैं।

PVTG स्थिति के निर्धारण के मानदंड निम्नलिखित हैं-

- अस्तित्व के लिये कृषि-पूर्व प्रणालियों का प्रयोग करना, जैसे- शिकार या भोजन इकट्ठा करना।
- शून्य या नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि
- साक्षरता का निम्न स्तर
- लिखित भाषा की अनुपस्थिति

गृह मंत्रालय द्वारा देश में अब तक 75 PVTGs आधिकारिक रूप से अधिसूचित हैं।

PVTGs की सूची में ईरूलार (तमिलनाडु) और कोंडा रेड्डी (आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना) जनजातियाँ शामिल की गई हैं।

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन [यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन अगेंस्ट करप्शन (UNCAC)] का 'भूमि, समुद्र और वायुमार्ग से प्रवासियों की तस्करी के विरुद्ध एक प्रोटोकॉल' होता है।**

**2. UNCAC अब तक का सबसे पहला विधित: बाध्यकारी सार्वभौम भ्रष्टाचार-निरोधी लिखत है।**

**3. राष्ट्र-पार संगठित अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन अगेंस्ट ट्रांसनेशनल ऑर्गेनाइज़्ड क्राइम (UNTOC)] की एक विशिष्टता ऐसे एक विशिष्ट अध्याय का समावेशन है, जिसका लक्ष्य उन संपत्तियों को उनके वैध स्वामियों को लौटाना है जिनसे वे अवैध तरीके से ले ली गई थीं।**

4. **मादक द्रव्य और अपराध विषयक संयुक्त राष्ट्र कार्यालय [यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (UNODC)] संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राज्यों द्वारा UNCAC और UNTOC दोनों के कार्यान्वयन में सहयोग करने के लिये अधिदेशित है।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

**(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4**

**(c) केवल 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** भूमि, समुद्र और वायुमार्ग से प्रवासियों की तस्करी के विरुद्ध प्रोटोकॉल UNCAC का नहीं बल्कि UNTOC का एक प्रोटोकॉल है। अत: कथन (1) गलत है।

- UNTOC नहीं बल्कि UNCAC के तहत एक ऐसा विशिष्ट अध्याय समाविष्ट है, जिसका लक्ष्य उन संपत्तियों को उनके वैध स्वामियों को लौटाना है, जिनसे वे अवैध तरीके से ले ली गई थीं। अत: कथन (3) भी गलत है।
- प्रश्नगत कथनों के केवल कथन (2) और (4) ही सही हैं।

4. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**
   1. **भारतीय वन अधिनियम, 1927 में हाल में हुए संशोधन के अनुसार, वन निवासियों को वनक्षेत्रों में उगने वाले बाँस को काट गिराने का अधिकार है।**
   2. **अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अनुसार, बाँस एक गौण वनोपज है।**
   3. **अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006, वन निवासियों को गौण वनोपज के स्वामित्व की अनुमति देता है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** भारतीय वन अधिनियम, 1927 में हाल में हुए संशोधन के अनुसार, वन निवासियों को वनक्षेत्रों में उगने वाले बाँस को काट गिराने का अधिकार नहीं है बल्कि गैर-वनक्षेत्रों में उगने वाले बाँस को काट गिराने का अधिकार है। अत: कथन 1 गलत है।

- अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अनुसार बाँस, ब्रशवुड, स्टंप, बेंत, टसर, कोकून, शहद, मोम, लाख, तेंदू पत्ता आदि गौण वनोपज हैं। अत: कथन 2 सही है।
- अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 में वन निवासियों को वनाधिकारों के तहत उनके गौण वनोपज के स्वामित्व के साथ उसके संग्रहण, उपयोग एवं निपटान का अधिकार प्रदान किया गया है। अत: कथन (3) सही है।

5. **भारत में गौण खनिज के प्रबंधन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**
   1. **इस देश में विद्यमान विधि के अनुसार रेत एक 'गौण खनिज' है।**
   2. **गौण खनिजों के खनन पट्टे प्रदान करने की शक्ति राज्य सरकारों के पास है, किंतु गौण खनिजों को प्रदान करने से संबंधित नियमों को बनाने के बारे में शक्तियाँ केंद्र सरकार के पास है।**
   3. **गौण खनिजों के अवैध खनन को रोकने के लिये नियम बनाने की शक्ति राज्य सरकारों के पास है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 3(e) के अंतर्गत रेत (Sand) एक गौण खनिज (Minor mineral) है। अत: कथन 1 सही है।

- खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 15 राज्य सरकारों को गौण खनिजों के संबंध में और उससे जुड़े उद्देश्यों हेतु खनिज अनुज्ञापत्र या खनन पट्टे प्रदान करने के विनियमन हेतु नियम बना सकने की शक्ति प्रदान करती है। इसी के तहत प्रदान की गई शक्तियों के अंतर्गत राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के गौण खनिज अनुज्ञापत्र नियमों को तैयार किया है। अत: कथन 2 गलत है।
- खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 23C के तहत गौण खनिजों के अवैध खनन को रोकने के लिये नियम बनाने की शक्ति राज्य सरकारों के पास है। अत: कथन 3 सही है।

6. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक पादप-समूह 'नवीन विश्व (न्यू वर्ल्ड)' में कृषि-योग्य बनाया गया तथा इसका 'प्राचीन विश्व (ओल्ड वर्ल्ड)' में प्रचलन शुरू किया गया?**

**(a) तंबाकू, कोको और रबड़ (b) तंबाकू, कपास और रबड़**

**(c) कपास, कॉफी और गन्ना (d) रबड़, कॉफी और गेहूँ**

*सही उत्तर:* **(a)**

7. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**
   1. **विधि के अनुसार, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, राष्ट्रीय तथा राज्य, दोनों स्तरों पर होते हैं।**
   2. **प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 के अधीन चलाए गए प्रतिपूरक वनीकरण कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता अनिवार्य (मैंडेटरि) है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(a) केवल 1 (b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** विधि के अनुसार, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) राष्ट्रीय तथा राज्य, दोनों स्तरों पर होते हैं। ध्यातव्य है कि प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 के अध्याय 1 की धारा 8 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर एवं धारा 10 के अंतर्गत राज्य स्तर पर CAMPA का प्रावधान किया गया है। अत: कथन 1 सही है।

प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 के अधीन चलाए गए प्रतिपूरक वनीकरण कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता अनिवार्य नहीं है। अत: कथन 2 गलत है।

**8. भारत में दूरसंचार, बीमा, विद्युत आदि जैसे क्षेत्रकों में स्वतंत्र नियामकों का पुनरीक्षण निम्नलिखित में से कौन करते/करती हैं?**

**1. संसद द्वारा गठित तदर्थ समितियाँ**

**2. संसदीय विभाग संबंधी स्थायी समितियाँ**

**3. वित्त आयोग**

**4. वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग**

**5. नीति (NITI) आयोग**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) 1 और 2** **(b) 1, 3 और 4**

**(c) 3, 4 और 5** **(d) 2 और 5**

*सही उत्तर:* (a)

**व्याख्या:** भारत में दूरसंचार, बीमा, विद्युत आदि जैसे क्षेत्रकों में स्वतंत्र नियामकों का पुनरीक्षण संसद द्वारा गठित तदर्थ समितियाँ और संसदीय विभाग संबंधी स्थायी समितियाँ करती हैं।

वित्त आयोग (Finance Commission), वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग (Financial Sector Legislative Reforms Commission) और नीति आयोग (NITI Aayog) इनके पुनरीक्षण से संबंधित नहीं हैं।

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड [पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेग्युलेटरि बोर्ड (PNGRB)] भारत सरकार द्वारा स्थापित प्रथम नियामक निकाय है।**

**2. PNGRB का एक कार्य गैस के लिये प्रतियोगी बाज़ारों को सुनिश्चित करना है।**

**3. PNGRB के निर्णयों के विरुद्ध अपील, विद्युत अपील अधिकरण के समक्ष की जाती है।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* (b)

**व्याख्या:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (PNGRB) का गठन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 के तहत किया गया था। PNGRB से पहले बहुत सारे नियामक निकायों (Regulatory Bodies) का गठन किया जा चुका था, जैसे-SEBI, TRAI, IRDAI आदि। अत: कथन 1 गलत है।

- PNGRB के प्रमुख कार्यों में से एक यह है कि यह गैस के लिये प्रतियोगी बाज़ारों को सुनिश्चित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 110 के तहत स्थापित अधिकरण पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 के प्रयोजनों के लिये अपीलीय अधिकरण (Appellate Tribunal) है। अत: कथन 3 सही है।

**10. मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**1. गर्भवती महिलाएँ, प्रसव-पूर्व तीन महीने और प्रसवोत्तर तीन महीने के लिये सवेतन अवकाश की हकदार हैं।**

**2. शिशुगृहों वाले प्रतिष्ठानों के लिये माता को प्रतिदिन कम-से-कम छह बार शिशुगृह जाने की अनुमति देना अनिवार्य होगा।**

**3. दो बच्चों वाली महिलाओं को न्यूनीकृत हक मिलेंगे।**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 2**

**(c) केवल 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* (c)

**व्याख्या:** मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 की प्रमुख विशेषताएँ-

- मातृत्व अवकाश की समय-सीमा को वर्तमान 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह यानी 6 महीना कर दिया गया है। गौरतलब है कि 2 बच्चों के जन्म के पश्चात् बच्चे के जन्म पर 12 सप्ताह यानी प्रसव-पूर्व 6 सप्ताह और प्रसवोत्तर 6 सप्ताह का अवकाश प्रदान किया जाएगा।
- इस अधिनियम में गोद लेने वाली माताओं को भी 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।
- उल्लेखनीय है कि यह अधिनियम 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले सभी रोज़गार प्रतिष्ठानों पर लागू है।
- जिन कंपनियों में कुल कर्मचारियों की संख्या 50 अथवा अधिक है, उन्हें या तो संस्थान में या फिर संस्थान से एक निर्धारित दूरी के अंदर क्रेच (शिशु गृह) की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। शिशु गृहों वाले प्रतिष्ठानों के लिये माता को प्रतिदिन कम-से-कम चार बार शिशु गृह जाने की अनुमति देना अनिवार्य होगा।

अत: मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के संदर्भ में दिये गए कथन 1 और 2 गलत हैं, जबकि कथन 3 सही है।

**11. निम्नलिखित में से किसने अपने नागरिकों के लिये दत्त संरक्षण (डेटा प्रोटेक्शन) और प्राइवेसी के लिये 'सामान्य दत्त संरक्षण विनियमन (जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेग्युलेशन)' नामक एक कानून अप्रैल 2016 में अपनाया और उसका 25 मई, 2018 से कार्यान्वयन शुरू किया?**

**(a) ऑस्ट्रेलिया** **(b) कनाडा**

**(c) यूरोपीय संघ (यूरोपियन यूनियन)**

**(d) संयुक्त राज्य अमेरिका**

*सही उत्तर:* (c)

**व्याख्या:** यूरोपीय संघ ने अपने नागरिकों के लिये डेटा प्रोटेक्शन और प्राइवेसी के लिये 'सामान्य दत्त संरक्षण विनियमन' नामक एक कानून अप्रैल 2016 में अपनाया और उसका 25 मई, 2018 से कार्यान्वयन शुरू किया।

- यूरोपीय संघ और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र के सभी नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा और निजता का संरक्षण करना सामान्य दत्त संरक्षण विनियमन का उद्देश्य है।

**12. हाल ही में भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ 'नाभिकीय क्षेत्र में सहयोग क्षेत्रों के प्राथमिकीकरण और कार्यान्वयन हेतु कार्य योजना' नामक सौदे पर हस्ताक्षर किया है?**

**(a) जापान**

**(b) रूस**

**(c) यूनाइटेड किंगडम**

**(d) संयुक्त राज्य अमेरिका**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 5 अक्तूबर, 2018 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मध्य संपन्न 19वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक के दौरान दोनों देशों ने कुल आठ समझौता ज्ञापन/समझौते/संधि पर हस्ताक्षर किये। इनमें से एक समझौता 'नाभिकीय क्षेत्र में सहयोग के क्षेत्रों की प्राथमिकता और कार्यान्वयन के लिये कार्य योजना' है।

**13. शब्द 'डेनिसोवन (Denisovan)' कभी-कभी समाचार माध्यमों में किस संदर्भ में आता है?**

**(a) एक प्रकार के डायनासोर का जीवाश्म**

**(b) एक आदिमानव प्रजाति (स्पीशीज़)**

**(c) पूर्वोत्तर भारत में प्राप्त एक गुफा तंत्र**

**(d) भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास में एक भूवैज्ञानिक कल्प**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** वर्ष 2019 में वैज्ञानिकों ने रहस्यमय प्राचीन-होमिनिन समूह के अब तक के सबसे बड़े जीवाश्म (जबड़े की हड्डी) का पता लगाया है। गौरतलब है कि इस प्राचीन होमिनिन समूह को 'डेनिसोवन' के रूप में जाना जाता है।

- तिब्बती पठार पर खोजा गया डेनिसोवन समूह का यह जीवाश्म 1,60,000 वर्ष से भी अधिक पुराना है और साइबेरियन गुफा के बाहर पाया जाने वाला पहला जीवाश्म भी है। एक दशक पहले साइबेरियन गुफा में ही इस होमिनिन समूह का पता चला था।
- होमिनिन मनुष्य सदृश जीवों के बड़े समूह या परिवार का हिस्सा होते हैं, जिन्हें होमिनिड्स कहा जाता है। होमिनिड्स में ओरांगुटान, गोरिल्ला, चिंपांजी और इंसान शामिल हैं।
- गौरतलब है कि डेनिसोवन के अवशेषों के DNA विश्लेषण के आधार पर इन्हें होमोसैपियंस और निएंडरथल से पृथक् तीसरे प्रकार की समकालिक मानव प्रजाति माना जा रहा है।

**14. परिधेय प्रौद्योगिकी (विअरेबल टेक्नोलॉजी) के संदर्भ में, परिधेय उपकरणों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा/से कार्य निष्पन्न किया जा सकता है/किये जा सकते हैं?**

**1. किसी व्यक्ति का अवस्थान (लोकेशन) निर्धारण**

**2. किसी व्यक्ति का निद्रा मॉनीटरन**

**3. श्रवण दोषयुक्त व्यक्ति की सहायता**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** परिधेय प्रौद्योगिकी (Wearable Technology) ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को कहते हैं जिन्हें कपड़े के रूप में पहना जा सकता है, शरीर में प्रवेश कराया जा सकता है, टैटू के रूप में त्वचा में गोदवाया जा सकता है या घड़ी के रूप में पहना जा सकता है। इसके अनेक उपयोग हैं जिसमें लोकेशन ट्रैक करना (GPS युक्त रिस्टबैंड या रिस्टवॉच से), निद्रा की निगरानी करना (फिटबिट जैसे उपकरण), श्रवण दोष युक्त व्यक्ति की सहायता करना (हियरिंग ऐड का प्रयोग) आदि शामिल हैं। अत: कथन 1, 2 और 3 सभी सही हैं।

## 2018

**1. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये-**

**1. भारत के किसी राज्य में सर्वप्रथम लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई साम्यवादी दल की सरकार।**

**2. भारत का उस समय का सबसे बड़ा बैंक 'इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया' जिसका नाम बदलकर 'भारतीय स्टेट बैंक' रखा गया।**

**3. एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण किया गया और यह राष्ट्रीय वाहक बन गया।**

**4. गोवा स्वतंत्र भारत का अंग बन गया।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम है?**

**(a) 4 – 1 – 2 – 3** **(b) 3 – 2 – 1 – 4**

**(c) 4 – 2 – 1 – 3** **(d) 3 – 1 – 2 – 4**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना वर्ष 1921 में हुई थी, यही बैंक वर्ष 1955 से 'भारतीय स्टेट बैंक' के रूप में परिवर्तित हो गया। एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण 1 अगस्त, 1953 को भारत सरकार द्वारा किया गया, जिसके उपरांत यह राष्ट्रीय वाहक (कैरियर) बन गई। वर्ष 1957 में केरल में ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद के नेतृत्व में सर्वप्रथम लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई कम्युनिस्ट (साम्यवादी) सरकार का गठन हुआ। यह भारत ही नहीं बल्कि दुनिया की पहली लोकतांत्रिक साम्यवादी सरकार थी। गोवा को वर्ष 1961 में पुलिस कार्यवाही के बाद भारत में शामिल किया गया तथा 12वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1962 के माध्यम से इसे संघशासित क्षेत्र बनाया गया। अत: विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**2. भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन के संदर्भ में, नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. भारत प्रकाश-वोल्टीय इकाइयों में प्रयोग में आने वाले सिलिकॉन वेफर्स का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।**

**2. सौर ऊर्जा शुल्क का निर्धारण भारतीय सौर ऊर्जा निगम के द्वारा किया जाता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** विश्व में चीन सिलिकॉन का सबसे बड़ा उत्पादक है, इसके बाद क्रमश: रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और नॉर्वे (2012–17 के आँकड़े) का स्थान आता है। इस प्रकार कथन (1) सही नहीं है।

देश में सौर ऊर्जा शुल्क का निर्धारण केंद्र के संदर्भ में 'केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग' द्वारा, जबकि राज्यों के संदर्भ में संबंधित 'राज्य विद्युत विनियामक आयोग' द्वारा किया जाता है। इस प्रकार, कथन (2) भी सही नहीं है। अत: (d) सही विकल्प है।

**3. बिल्कुल हाल में, निम्नलिखित में से किन देशों में लाखों लोग या तो भयंकर अकाल एवं कुपोषण से प्रभावित हुए, या उनकी युद्ध/संजातीय संघर्ष के चलते उत्पन्न भुखमरी के कारण मृत्यु हुई?**

**(a) अंगोला और ज़ाम्बिया** **(b) मोरक्को और ट्यूनीशिया**

**(c) वेनेज़ुएला और कोलंबिया** **(d) यमन और दक्षिण सूडान**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** UNDP के अनुसार विगत कुछ वर्षों में सशस्त्र नृजातीय संघर्षों, पर्यावरणीय आपदाओं एवं सामाजिक-आर्थिक समस्याओं ने सोमालिया, दक्षिणी सूडान, यमन जैसे देशों में मानवीय आपदाओं को जन्म दिया है जिससे बड़े पैमाने पर लोगों की मृत्यु हुई है और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। अत: विकल्प (d) सही है।

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम के अनुसार किसी राज्य में शिक्षक के रूप में नियुक्त होने हेतु अर्ह होने के लिये किसी व्यक्ति में संबंधित राज्य अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता का होना आवश्यक है।**

**2. आर.टी.ई. अधिनियम के अनुसार प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण हेतु किसी अभ्यर्थी के लिये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिये गए अध्यापक अर्हता परीक्षण में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**

**3. भारत में 90% से अधिक अध्यापक शिक्षा संस्थान प्रत्यक्ष रूप से राज्य सरकारों के अधीन हैं।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) 1 और 2** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 3** **(d) केवल 3**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**

- आर.टी.ई. अधिनियम के अनुसार, किसी राज्य में शिक्षक के रूप में नियुक्ति के लिये पात्र व्यक्ति में संबंधित राज्य अध्यापक शिक्षा परिषद् (State Council of Teacher Education) द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता का होना आवश्यक नहीं है।
- आर.टी.ई. अधिनियम के अनुसार, प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण हेतु किसी अभ्यर्थी के लिये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (National Council of Teacher Education) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ली गई अध्यापक पात्रता परीक्षा (Teacher Eligibility Test) में उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
- भारत में 90 प्रतिशत से कम अध्यापक शिक्षा संस्थान प्रत्यक्ष रूप से राज्य सरकारों के अधीन हैं।

उपर्युक्त कथनों में से केवल कथन 2 सही है। अत: विकल्प (b) सही है।

**5. कभी-कभी समाचारों में उल्लिखित पद "टू-स्टेट सोल्यूशन" किसकी गतिविधियों के संदर्भ में आता है?**

**(a) चीन** **(b) इज़राइल**

**(c) इराक** **(d) यमन** *सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 'टू-स्टेट सोल्यूशन' का प्रयोग इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के संदर्भ में किया जाता है। इसके अंतर्गत दो स्वतंत्र राज्यों- फिलिस्तीन और इज़राइल के गठन पर बल दिया जाता है। इसके अंतर्गत यह माना जाता है कि इज़राइल और फिलिस्तीन दोनों अपने तरीके से अपने देशों को संचालित करना चाहते हैं, अत: विवाद रहित सीमा के साथ दो स्वतंत्र देशों का गठन किया जाना चाहिये। अत: विकल्प (b) सही है।

**6. एन.एस.एस.ओ. के 70वें चक्र द्वारा संचालित "कृषक-कुटुम्बों की स्थिति आकलन सर्वेक्षण" के अनुसार निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. राजस्थान में ग्रामीण कुटुम्बों में कृषि कुटुम्बों का प्रतिशत सर्वाधिक है।**

**2. देश के कुल कृषि कुटुम्बों में 60% से कुछ अधिक ओ.बी.सी. के हैं।**

**3. केरल में 60% से कुछ अधिक कृषि कुटुम्बों ने यह सूचना दी कि उन्होंने अधिकतम आय ग़ैर कृषि स्रोतों से प्राप्त की है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 2 औ 3** **(b) केवल 2**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** राजस्थान में ग्रामीण कुटुम्बों में कृषि कुटुम्बों का प्रतिशत सर्वाधिक (78.4%) है। इसके बाद उत्तर प्रदेश (74.8%) और मध्य प्रदेश (70.8%) का स्थान आता है। अत: कथन 1 सही है।

देश के कुल कृषि कुटुम्बों में ओ.बी.सी. के लगभग 45% हैं, न कि 60% से कुछ अधिक। अत: कथन 2 सही नहीं है।

केरल को छोड़कर सभी बड़े राज्यों में अधिकांश कुटुम्बों में आय का प्राथमिक स्रोत कृषि गतिविधि रही। केरल में लगभग 61% कृषि कुटुम्बों ने यह सूचना दी कि उन्होंने अधिकतम आय गैर-कृषि स्रोतों से प्राप्त की है। अत: कथन 3 सही है। अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन (एफ.आर.बी.एम.) समीक्षा समिति के प्रतिवेदन में सिफारिश की गई है कि वर्ष 2023 तक केंद्र एवं राज्य सरकारों को मिलाकर ऋण-जी.डी.पी. अनुपात 60% रखा जाए जिसमें केंद्र सरकार के लिये यह 40% तथा राज्य सरकारों के लिये 20% हो।**

**2. राज्य सरकारों के जी.डी.पी. के 49% की तुलना में केंद्र सरकार के लिये जी.डी.पी. का 21% घरेलू देयतायें हैं।**

**3. भारत के संविधान के अनुसार यदि किसी राज्य के पास केंद्र सरकार की बकाया देयताएँ हैं तो उसे कोई भी ऋण लेने से पहले केंद्र सरकार से सहमति लेना अनिवार्य है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1**

**(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 1 और 3**

**(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* (c)

**व्याख्या:** राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन समीक्षा समिति के जनवरी 2017 में दिये गए प्रतिवेदन में-

- वर्ष 2023 तक केंद्र एवं राज्य सरकारों को मिलाकर ऋण एवं जीडीपी अनुपात 60% रखने की सिफारिश की गई है जिसमें केंद्र सरकार के लिये यह लगभग 40% तथा राज्य सरकारों के लिये 20% हो। इसलिये कथन 1 सही है।
- वर्तमान समय में यह केंद्र सरकार के लिये 49.4% तथा राज्य सरकारों के लिये 21% है। इसलिये कथन 2 सही नहीं है।
- संविधान के अनुसार, यदि किसी राज्य के पास केंद्र सरकार की बकाया देयताएँ हैं तो राज्य केंद्र की अनुमति के बिना ऋण नहीं ले सकता। ऐसी स्थिति में ऋण लेने से पहले केंद्र से सहमति लेना अनिवार्य होता है। इसलिये कथन 3 सही है।

## 2017

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. मोटर वाहनों के टायरों और ट्यूबों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) का मानक चिह्न अनिवार्य है।**

**2. AGMARK खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा जारी एक गुणता प्रमाणन चिह्न है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* (a)

**व्याख्या:**

- भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) भारत में राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने वाली संस्था है। यह उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन कार्य करती है। मोटर वाहनों के टायर-ट्यूबों के लिये BIS के मानक चिह्न को 19 नवंबर, 2009 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा अनिवार्य किया गया।
- एगमार्क, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय भारत सरकार द्वारा जारी एक गुणवत्ता प्रमाण चिह्न है। वर्तमान में एगमार्क मानक में 227 जिन्सों (दालों, अन्न, आवश्यक खाद्य तेल, फल, सब्ज़ियों तथा अर्द्ध-प्रसंस्कृत उत्पाद) को शामिल किया गया है।

**2. 'आवास और शहरी विकास पर एशिया पैसिफिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (APMCHUD)', के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. प्रथम APMCHUD भारत में 2006 में संपन्न हुआ, जिसका विषय 'उभरते शहरी रूप- नीति प्रतिक्रियाएँ और शासन संरचना' था।**

**2. भारत सभी वार्षिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों की मेज़बानी, ADB, APEC और ASEAN की सहभागिता से करता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1**

**(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों**

**(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:** प्रथम आवास और शहरी विकास पर एशिया पैसिफिक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 2006 में नई दिल्ली में संपन्न हुआ था, लेकिन 2006 के सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था-' A vision for sustainable urbanisation in the Asia-Pacific by 2020'। अत: उभरते शहरी रूप-नीति प्रतिक्रियाएँ और शासन संरचना का विकल्प गलत है। इस सम्मेलन की प्रथम एवं छठी मेज़बानी भारत (नई दिल्ली) ने की थी। इसका दूसरा सम्मेलन 2008 में तेहरान (ईरान) में, तीसरा जावा द्वीप

(इंडोनेशिया) में 2010 में, चौथा सम्मेलन अम्मान (जॉर्डन) में 2012 में तथा पाँचवा सम्मेलन 2014 में सियोल (दक्षिण कोरिया) में हुआ था। अत: दूसरा विकल्प भी गलत है।

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. परमाणु सुरक्षा शिखर-सम्मेलन, संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में आवधिक रूप से किये जाते हैं।**

**2. विखंडनीय सामग्रियों पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण का एक अंग है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** विखंडनीय सामग्रियों पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा का अभिकरण नहीं अपितु एक स्वतंत्र संस्था है। यह गैर-परमाणु और परमाणु संपन्न दोनों राज्यों के शस्त्र-नियंत्रण और अप्रसार विशेषज्ञों का समूह है। इसकी स्थापना जनवरी 2006 में हुई।

2009 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने परमाणु शिखर सम्मेलन का विचार रखा और 2010 में वाशिंगटन में पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में नहीं होता। इसमें शामिल होने वाले देश वाशिंगटन वर्क प्लान के आधार पर अपनी परमाणु सुरक्षा को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं।

**4. हिंद महासागर नौसैनिक परिसंवाद (सिंपोज़ियम) (IONS) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये-**

**1. प्रारंभी (इनॉगुरल) IONS भारत में 2015 में भारतीय नौसेना की अध्यक्षता में हुआ था।**

**2. IONS एक स्वैच्छिक पहल है जो हिंद महासागर क्षेत्र के समुद्रतटवर्ती देशों (स्टेट्स) की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना चाहता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1**

**(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों**

**(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** हिन्द महासागर नौसैनिक परिसंवाद (IONS) एक स्वैच्छिक पहल है जो हिन्द महासागर क्षेत्र के समुद्रतटवर्ती देशों की नौ-सेनाओं के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देती है।

- IONS का शुभारंभ 2008 में नई दिल्ली में हुआ। अत: विकल्प (b) सही है।

**5. भारत द्वारा चाबहार बंदरगाह विकसित करने का क्या महत्त्व है?**

**(a) अफ्रीकी देशों से भारत के व्यापार में अपार वृद्धि होगी।**

**(b) तेल-उत्पादक अरब देशों से भारत के संबंध सुदृढ़ होंगे।**

**(c) अफगानिस्तान और मध्य एशिया में पहुँच के लिये भारत को पाकिस्तान पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।**

**(d) पाकिस्तान, इराक और भारत के बीच गैस पाइपलाइन का संस्थापन सुकर बनाएगा और उसकी सुरक्षा करेगा।**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** ईरान के तट पर स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत द्वारा विकसित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि बिना पाकिस्तान के संपर्क के भारत के अफगानिस्तान एवं अन्य मध्य एशिया के देशों से द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध बनाए जा सकें।

**6. शैवाल आधारित जैव-ईंधनों का उत्पादन संभव है लेकिन इस उद्योग के संवर्धन में विकासशील देशों की क्या संभावित सीमा/सीमाएँ है/हैं?**

**1. शैवाल आधारित जैव-ईंधनों का उत्पादन केवल समुद्रों में ही संभव है, महाद्वीपों पर नहीं।**

**2. शैवाल आधारित जैव-ईंधन उत्पादन को स्थापित करने और इंजीनियरी करने हेतु निर्माण पूरा होने तक उच्च स्तरीय विशेषज्ञता/प्रौद्योगिकी की ज़रूरत होती है।**

**3. आर्थिक रूप से व्यवहार्य उत्पादन के लिये बड़े पैमाने पर सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता होती है जिससे पारिस्थितिक एवं सामाजिक सरोकार उत्पन्न हो सकते हैं।**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–**

**(a) केवल 1 और 2**

**(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 3**

**(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** शैवाल आधारित जैव ईंधनों का उत्पादन महाद्वीपों पर संभव है अत: कथन 1 असत्य है। इस प्रकार के ईंधन के उत्पादन के लिये उच्च स्तरीय विशेषज्ञता एवं तकनीकी कौशल की आवश्यकता होती है एवं आर्थिक रूप से व्यवहार्य उत्पादन के लिये विस्तृत सुविधाओं की आवश्यकता होती है। अत: कथन 2 और 3 सत्य हैं।

**7. लोकतंत्र का उत्कृष्ट गुण यह है कि वह क्रियाशील बनाता है-**

**(a) साधारण पुरुषों और महिलाओं की बुद्धि और चरित्र को।**

**(b) कार्यपालक नेतृत्व को सशक्त बनाने वाली पद्धतियों को।**

**(c) गतिशीलता और दूरदर्शिता से युक्त एक बेहतर व्यक्ति को।**

**(d) समर्पित दलीय कार्यकर्ताओं के एक समूह को।**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्याः** लोकतंत्र की कुछ सामान्य विशेषताएँ होती हैं, जैसे–

- कानून का शासन;
- अधिकारों का सम्मान;
- एक व्यक्ति, एक मूल्य, एक मत (वोट);
- स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव;
- सभी व्यक्तियों को अपनी पसंद चुनने का अधिकार;
- विचार, विश्वास, उपासना आदि की स्वतंत्रता।

ये विशेषताएँ लोकतंत्र के उत्कृष्ट गुण हैं जिनसे साधारण एवं सामान्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है और उसकी बुद्धि एवं चरित्र क्रियाशील होते हैं। अतः विकल्प (a) सही है।

## 2016

**1. भारत में, पूर्व-संवेष्टित (प्रीपैकेज्ड) वस्तुओं के संदर्भ में खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग और लेबलिंग) विनियम, 2011 के अनुसार किसी निर्माता को मुख्य लेबल पर निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना अंकित करना अनिवार्य है?**

**1. संघटकों की सूची, जिसमें संयोजी शामिल हैं**

**2. पोषण-विषयक सूचना**

**3. चिकित्सा व्यवसाय द्वारा दी गई किसी एलर्जी प्रतिक्रिया की संभावना के संदर्भ में संस्तुतियाँ, यदि कोई हैं**

**4. शाकाहारी/मांसाहारी**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) 1, 2 और 3** **(b) 2, 3 और 4**

**(c) 1, 2 और 4** **(d) केवल 1 और 4**

*सही उत्तरः* **(c)**

**व्याख्याः** खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग और लेवलिंग) विनियम, 2011 के अनुसार किसी निर्माता को मुख्य लेबल पर निम्नलिखित सूचनाएँ अंकित करनी होती हैं- 1. संघटकों की सूची जिसमें संयोजी शामिल हैं, 2. पोषक-विषयक सूचना, 3. शाकाहारी/मांसाहारी, 4. वज़न-माप, 5. उत्पाद बनाने और खराब होने की तिथि, 6. उत्पाद कंपनी का पता और विवरण इत्यादि।

**2. हाल ही में भारत में प्रथम राष्ट्रीय निवेश और विनिर्माण क्षेत्र (National Investment and Manufacturing Zone) का गठन कहाँ किये जाने के लिये प्रस्ताव दिया गया था?**

**(a) आंध्र प्रदेश** **(b) गुजरात**

**(c) महाराष्ट्र** **(d) उत्तर प्रदेश**

*सही उत्तरः* **(a)**

**व्याख्याः** 11 मार्च, 2016 को पत्र सूचना कार्यालय की सूचना के अनुसार दिये गए विकल्पों में आंध्र प्रदेश के प्रकाशम ज़िले में प्रथम राष्ट्रीय निवेश और विनिर्माण क्षेत्र के गठन को अंतिम मंज़ूरी दी गई है। यद्यपि अन्य तीनों राज्यों में (गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश) मंज़ूरी मिलनी शेष है।

**3. कभी-कभी समाचारों में आने वाले 'बिटकॉइन्स (Bitcoins)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**1. बिटकॉइन्स की खोज-खबर देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा रखी जाती है।**

**2. बिटकॉइन के पते वाला कोई भी व्यक्ति, बिटकॉइन के पते वाले किसी अन्य व्यक्ति को बिटकॉइन्स भेज सकता है या उससे प्राप्त कर सकता है।**

**3. ऑनलाइन अदायगी, दोनों तरफ में से किसी भी तरफ की पहचान जाने बिना की जा सकती है।**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तरः* **(b)**

**व्याख्याः** बिटकॉइन्स की खोज-खबर देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा नहीं रखी जाती है। अलबत्ता देशों द्वारा फ्रॉड, कर चोरी और आतंकवादी घटनाओं में धन के स्रोत के रूप में इस्तेमाल होने से रोकने का प्रयास विविध एजेंसियों द्वारा अवश्य किया जाता है।

बिटकॉइन एक नई और डिजिटल मुद्रा है। ऑनलाइन नेटवर्किंग पर आधारित भुगतान हेतु इसे बनाया गया है। इसका विकास 'सातोशी नकामोतो' नामक एक अभियंता द्वारा किया गया है। वैसे सातोशी नाम काल्पनिक ही है क्योंकि अभी तक बिटकॉइन को लाने वाले शख्स के बारे में पुख्ता सबूत नहीं मिल पाए हैं।

अन्य मुद्राओं में बिटकॉइन भिन्न कैसे-

बिटकॉइन से लेन-देन केवल और केवल इलेक्ट्रॉनिक या ऑनलाइन ही किया जा सकता है। बिटकॉइन का न तो कोई रूप है और न ही आकार। इसका लेन-देन अनजान व्यक्तियों के मध्य भी हो जाता है, बस पता मालूम होना चाहिये। बिटकॉइन के लेन-देन या व्यापार पर नज़र रखने वाली किसी भी प्रकार की संस्था का अभाव है। वैसे माइक्रोसॉफ्ट ने हाल में ही बिटकॉइन को भुगतान स्वरूप मान्य किया है।

**4. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-**

| समाचारों में कभी-कभी उल्लिखित समुदाय | | किसके मामले में |
|---|---|---|
| 1. कुर्द | : | बांग्लादेश |
| 2. मधेसी | : | नेपाल |
| 3. रोहिंग्या | : | म्यांमार |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

**(a) 1 और 2** **(b) केवल 2**

**(c) 2 और 3** **(d) केवल 3**

*सही उत्तरः* **(c)**

**व्याख्या:** कुर्द नृजातीय समुदाय के लोग तुर्की के दक्षिणी-पूर्व में, सीरिया के उत्तर-पूर्व में और ईरान तथा इराक के पश्चिमी इलाकों में रहते हैं। नेपाल के दक्षिणी भाग के मैदानी क्षेत्र को मधेस कहते हैं और यहाँ निवास करने वाले नेपाली लोगों को मधेसी कहा जाता है। रोहिंग्या प्रमुख रूप से म्याँमार के अराकान प्रांत में बसने वाले अल्पसंख्यक मुस्लिम होते हैं।

**5. 'रासायनिक आयुध निषेध संगठन '[Organization for the Prohibition of Chemical Weapons (OPCW)]' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. यह यूरोपीय संघ का एक संगठन है जिसका NATO तथा WHO से कार्यकारी संबंध है।**

**2. यह नए शस्त्रों के प्रादुर्भाव को रोकने के लिये रासायनिक उद्योग का अनुवीक्षण करता है।**

**3. यह राज्यों (पार्टियों) को रासायनिक आयुध के ख़तरे के विरुद्ध सहायता एवं संरक्षण प्रदान करता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** रासायनिक आयुध निषेध संगठन (OPCW) एक स्वतंत्र अंतर-सरकारी इकाई है जो 193 सदस्य देशों का संगठन है। रासायनिक आयुध निषेध संगठन रासायनिक उद्योगों का अनुवीक्षण करता है ताकि नए शस्त्रों का प्रादुर्भाव रोका जा सके। यह राज्यों को रासायनिक आयुध के ख़तरे के विरुद्ध सहायता एवं संरक्षण भी प्रदान करता है। OPCW नीदरलैंड के हेग में स्थित है।

**6. निम्नलिखित में से कौन-सी, 'राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण [National Ganga River Basin Authority (NGRBA)]' की प्रमुख विशेषताएँ हैं?**

**1. नदी बेसिन, योजना एवं प्रबंधन की इकाई है।**

**2. यह राष्ट्रीय स्तर पर नदी संरक्षण प्रयासों की अगुवाई करता है।**

**3. NGRBA का अध्यक्ष चक्रानुक्रमिक आधार पर उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों में से एक होता है, जिनसे होकर गंगा बहती है।**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** इस प्राधिकरण का पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है तथा इसके सदस्य सम्बद्ध केंद्रीय मंत्री तथा उन राज्यों के मुख्यमंत्री होते हैं जिनसे होकर गंगा बहती है। शेष कथन सही हैं।

'राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण' जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गंगा नदी बेसिन के वित्तीयन, योजना, क्रियान्वयन, निगरानी और सहयोग हेतु गठित किया गया। इस प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी बेसिन को प्रदूषित होने से रोकना है। इसकी स्थापना 20 फरवरी, 2009 को भारत सरकार द्वारा की गई।

**7. 'ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप (Trans-Pacific Partnership)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. यह चीन और रूस को छोड़कर प्रशांत महासागर तटीय सभी देशों के मध्य एक समझौता है।**

**2. यह केवल तटवर्ती सुरक्षा के प्रयोजन से किया गया सामरिक गठबंधन है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप (TPP) 12 पैसिफिक रिम देशों के बीच एक व्यापार समझौता है। यह सबसे बड़ा बहुराष्ट्रीय व्यापार समझौता है। इन 12 देशों में शामिल हैं- अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मेक्सिको, वियतनाम, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, ब्रुनेई, सिंगापुर, पेरू, चिली। टीपीपी समझौते के तहत पूरी दुनिया की 40 प्रतिशत अर्थव्यवस्था कवर होगी।

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन (इंडिया-अफ्रीका सम्मिट)**

**1. जो 2015 में हुआ, तीसरा सम्मेलन था**

**2. की शुरुआत वास्तव में 1951 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई थी**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1, न ही 2**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** अक्तूबर 2015 में तीसरे भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया था। पहले भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन का आयोजन अप्रैल 2008 में किया गया था। अत: इसकी शुरुआत 2008 में हुई थी न कि 1951 में।

**9. 'Doctors Without Borders (Medecins Sans Frontieres)', जो प्राय: समाचारों में आया है, है**

**(a) विश्व-स्वास्थ्य संगठन का एक प्रभाग**

**(b) एक गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन**

**(c) यूरोपीय संघ द्वारा प्रायोजित एक अंत: सरकारी एजेंसी**

**(d) संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्याः** यह मानवाधिकारों के लिये संघर्षरत एक गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो नोबल शांति पुरस्कार विजेता है। ये संगठन युद्धग्रस्त और विकासशील देशों में अपने कार्यों के लिये विख्यात है।

Doctors Without Borders (Medicines sans Frontiers), 50 वर्षों से कार्यरत एक NGO का नाम है जो जेनेवा, स्वीट्ज़रलैण्ड में है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय सहायता के लिये बने इस गैर-सरकारी संगठन को 1999 में शांति का नोबेल पुरस्कार मिला था। युद्धग्रस्त क्षेत्रों और विकासशील देशों, जो स्थानिक बीमारियों का सामना कर रहे हैं उन देशों की यह गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन मदद करता है।

**10. निम्नलिखित में से कौन 'खाड़ी सहयोग परिषद् (गल्फ कोऑपरेशन काउन्सिल)' का सदस्य नहीं है?**

**(a) ईरान** **(b) सऊदी अरब**

**(c) ओमान** **(d) कुवैत** *सही उत्तरः* (a)

**व्याख्याः** खाड़ी सहयोग परिषद् में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।

'खाड़ी सहयोग परिषद्' का गठन राजनीतिक एवं आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु 6 मध्य पूर्वी देशों द्वारा मिलकर किया गया। इसके 6 सदस्य इस प्रकार हैं:- सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन और ओमान। खाड़ी सहयोग परिषद् की स्थापना 1981 में रियाद (सऊदी अरब) शहर में की गई थी। इस संगठन का उद्देश्य इस्लामिक संस्कृति के आधार पर राजनीतिक, सांस्कृतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति करना है। अध्यक्षता का क्रम इन्हीं देशों में बदलता रहता है।

**11. कभी-कभी समाचारों में आने वाला 'बेल्ट ऐन्ड रोड इनिशिएटिव (Belt and Road Initiative)' किसके मामलों के संदर्भ में आता है?**

**(a) अफ्रीकी संघ** **(b) ब्राज़ील**

**(c) यूरोपीय संघ** **(d) चीन** *सही उत्तरः* (d)

**व्याख्याः** बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव चीन द्वारा शुरू की गई कार्य योजना है जिसे प्राचीन सिल्क मार्ग से जोड़ कर देखा जा रहा है।

'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' को ही 'वन बेल्ट, वन रोड' (One Belt, One Road) नाम से भी जाना जाता है। यह चीनी राष्ट्रपति शि जिनपिंग का विचार है, जिसके तहत वे प्राचीन रेशम मार्ग की पुनः स्थापना करना चाहते हैं और इसे जनवादी चीनी क्षेत्र के साथ-साथ यूरेशिया तक विस्तार करना चाहते हैं। इसके पीछे चीन की मंशा आर्थिक व विनिर्माण क्षेत्र में स्थायित्व प्राप्त करने की है।

**12. निम्नलिखित में से किसमें आप ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency) का स्टार लेबल पाते हैं?**

**1. छत के (सीलिंग) पंखे** **2. विद्युत गीज़र**

**3. नलिकारूप प्रतिदीप्ति (ट्यूबुलर फ्लूओरेसेंट) लैंप**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 3**

**(c) केवल 2 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तरः* (d)

**व्याख्याः** मानक व लेबलिंग कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को ऊर्जा उपकरणों के ऊर्जा बचत के संबंध में सूचनाएँ प्रदान करना है ताकि बाज़ार में उपलब्ध ऊर्जा उपकरणों के चुनाव में सही निर्णय ले सकें। वर्तमान में इसका उपयोग एयर कंडीशनर, सीलिंग फैन, रंगीन टेलीविज़न, कम्प्यूटर, रेफ्रीजरेटर, डीजल जेनरेटर, एलईडी लैम्प व इनवर्टर एसी इत्यादि के लिये किया जा रहा है।

**13. भारत 'अंतर्राष्ट्रीय ताप-नाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर (International Thermonuclear Experimental Reactor)' का एक महत्त्वपूर्ण सदस्य है। यदि यह प्रयोग सफल हो जाता है, तो भारत का तात्कालिक लाभ क्या है?**

**(a) यह विद्युत उत्पादन के लिये यूरेनियम की जगह थोरियम प्रयुक्त कर सकता है**

**(b) यह उपग्रह मार्गनिर्देशन (सैटेलाइट नैविगेशन) में एक वैश्विक भूमिका प्राप्त कर सकता है**

**(c) यह विद्युत उत्पादन में अपने विखंडन (फिशन) रिएक्टरों की दक्षता में तेजी से सुधार ला सकता है**

**(d) यह विद्युत उत्पादन के लिये संलयन (फ्यूज़न) रिएक्टरों का निर्माण कर सकता है** *सही उत्तरः* (d)

**व्याख्याः** इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (आईटीईआर) भौतिक प्लाज्मा एवं नाभिकीय संलयन ऊर्जा रिएक्टर के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करेगा। यह एक प्रयोगात्मक परमाणु संलयन प्रतिघातक है जिसका निर्माण फ्राँस में किया जा रहा है। इस परियोजना के भागीदार यूरोपियन यूनियन, भारत, जापान, चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और अमेरिका हैं।

'अंतर्राष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर' ऊर्जा की कमी की समस्या से निपटने के लिये भारत सहित विश्व के कई राष्ट्रों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के सहयोग से मिलकर बनाया जा रहा संलयन नाभिकीय प्रक्रिया पर आधारित ऐसा विशाल रिएक्टर है, जो कम ईंधन की सहायता से ही अपार ऊर्जा उत्पन्न करेगा। सस्ती, प्रदूषण विहीन और असीमित ऊर्जा पैदा करने की दिशा में हाइड्रोजन बम के सिद्धांत पर नाभिकीय परियोजना को प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया है। इसमें संलयन से उसी प्रकार से ऊर्जा मिलेगी जैसे पृथ्वी को सूर्य या अन्य तारों से मिलती है।

**14. हाल ही में, हमारे देश में पहली बार, निम्नलिखित राज्यों में से किसने एक विशेष तितली को 'राज्य तितली' के रूप में घोषित किया है?**

**(a) अरुणाचल प्रदेश** **(b) हिमाचल प्रदेश**

**(c) कर्नाटक** **(d) महाराष्ट्र**

*सही उत्तरः* (d)

**व्याख्याः** महाराष्ट्र देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है जिसने एक विशेष तितली 'ब्ल्यूमोर्मोन' को राज्य तितली के रूप में घोषित किया है।

'ब्ल्यूमोर्मोन', दो पंखों वाली विशाल तितली है जो मुख्य रूप से श्रीलंका और भारत में पाई जाती है। भारत में यह मुख्य रूप से महाराष्ट्र के पश्चिमी घाटों, दक्षिण भारत एवं तटवर्ती पट्टे तक सीमित है।

**15. हाल ही में बना द मैन हू न्यू इनफिनिटि (The Man Who Knew Infinity) शीर्षक वाला चलचित्र किसके जीवनचरित पर आधारित है?**

**(a) एस. रामानुजन** **(b) एस. चंद्रशेखर**

**(c) एस. एन. बोस** **(d) सी. वी. रमन**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** 'द मैन हू न्यू इनफिनिटी' सन् 1991 में रॉबर्ट केनिशेल द्वारा लिखी गई श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर आधारित सन् 2015 में बनी ब्रिटिश फिल्म का नाम है। श्री श्रीनिवास रामानुजन का जन्म मद्रास के गरीब परिवार में हुआ था, उसके बाद अपनी योग्यता के दम पर उन्होंने प्रथम विश्व-युद्ध के दौरान प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दाखिला लिया। पूरा विश्व उन्हें प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ के रूप में जानता है।

**16. एक राष्ट्रीय मुहिम 'राष्ट्रीय गरिमा अभियान' चलाई गई है**

**(a) आवासहीन और निराश्रित लोगों के पुनर्वासन और उन्हें उपयुक्त जीविकोपार्जन के स्रोत प्रदान करने के लिये**

**(b) यौन-कर्मियों (सेक्स वर्कर्स) को उनके पेशे से मुक्त कराने और उन्हें जीविकोपार्जन के वैकल्पिक स्रोत प्रदान करने के लिये**

**(c) मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने और मैला ढोने वाले कर्मियों के पुनर्वासन के लिये**

**(d) बँधुआ मज़दूरों को उनके बंधन से मुक्त कराने और उनके पुनर्वासन के लिये**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** 'राष्ट्रीय गरिमा अभियान' मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने और मैला ढोने वाले कर्मियों के पुनर्वासन के लिये शुरू किया गया।

**17. भारत सरकार द्वारा चलाया गया 'मिशन इंद्रधनुष' किससे संबंधित है?**

**(a) बच्चों और गर्भवती महिलाओं का प्रतिरक्षण**

**(b) पूरे देश में स्मार्ट सिटी का निर्माण**

**(c) बाहरी अंतरिक्ष में पृथ्वी-सदृश ग्रहों के लिये भारत की स्वयं की खोज**

**(d) नई शिक्षा-नीति**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** 25 दिसम्बर, 2014 को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 'मिशन इन्द्रधनुष' का शुभारम्भ किया गया था। इस मिशन का उद्देश्य जन्म से लेकर दो साल तक के बच्चों सहित गर्भवती महिलाओं को सात प्रकार की बीमारियों (डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, क्षय रोग, पोलियो, हेपेटाइटिस बी और खसरा) से रोकथाम के टीके लगाना है। वर्तमान में इस मिशन के अंतर्गत 12 टीकों को शामिल किया गया है।

**18. भारत में 'ज़िला खनिज प्रतिष्ठान (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन्स)' का/के उद्देश्य क्या है/हैं?**

**1. खनिज-सम्पन्न ज़िलों में खनिज-खोज संबंधी क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करना**

**2. खनिज-कार्य से प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा करना**

**3. राज्य सरकारों को खनिज-खोज के लिये लाइसेंस निर्गत करने के लिये अधिकृत करना**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1 और 2**

**(b) केवल 2**

**(c) केवल 1 और 3**

**(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 'ज़िला खनिज प्रतिष्ठान' खनिज-कार्य से प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा करने का कार्य करता है।

'ज़िला खनिज प्रतिष्ठान' (डीएमएफ) प्रत्येक खनिज उत्खनन प्रभावित राज्यों में ज़िला स्तर पर गठित की जाने वाली गैर-लाभकारी संस्था है। यह उन ज़िलों में स्थापित की जाती है जिन ज़िलों में खनन प्रक्रिया से लोग व क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। इसकी स्थापना हेतु 2015 में एमएमडीआरए (MMDR-Act) संशोधन अधिनियम पारित किया गया। 16 सितम्बर, 2015 को केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को अधिसूचना जारी कर 'ज़िला खनिज प्रतिष्ठान' स्थापित करने को कहा गया।

**19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-**

| प्रसिद्ध स्थान | | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. बोधगया | : | बघेलखण्ड |
| 2. खजुराहो | : | बुन्देलखण्ड |
| 3. शिरडी | : | विदर्भ |
| 4. नासिक | : | मालवा |
| 5. तिरूपति | : | रॉयलसीमा |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

**(a) 1, 2 और 4**

**(b) 2, 3, 4 और 5**

**(c) केवल 2 और 5**

**(d) 1, 3, 4 और 5**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. बोधगया | : | गया (बिहार) |
| 2. शिरडी | : | मराठवाड़ा |
| 3. नासिक | : | पश्चिमी घाट के गिरिपद में |

## 2015

**1. निम्नलिखित में से किसको/किनको 'भौगोलिक सूचना (जिओग्राफिकल इंडिकेशन)' की स्थिति प्रदान की गई है?**

**1. बनारसी जरी और साड़ियाँ**

**2. राजस्थानी दाल-बाटी-चूरमा**

**3. तिरुपति लड्डू**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* (c)

**व्याख्या:** भौगोलिक संकेत विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार संगठन (WIPO) के द्वारा उन उत्पादों के लिये प्रदान किया जाता है जिनकी विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है और वे विशेष गुणों से युक्त होते हैं। इन उत्पादों की विशेषताओं और इनकी उत्पत्ति के स्थान के बीच एक स्पष्ट संबंध दिखाई पड़ता है, अत: ये उत्पाद अपनी उत्पत्ति के स्थान से जाने जाते हैं।

**2. कभी-कभी समाचारों में देखा जाने वाला शब्द 'इन्डआर्क (IndARC)' किसका नाम है?**

**(a) देशज रूप से विकसित, भारतीय रक्षा (डिफेन्स) में अधिष्ठापित रडार सिस्टम**

**(b) हिन्द महासागर रिम के देशों को सेवा प्रदान करने हेतु भारत का उपग्रह**

**(c) भारत द्वारा अंटार्कटिका क्षेत्र में स्थापित एक वैज्ञानिक प्रतिष्ठान**

**(d) आर्कटिक क्षेत्र के वैज्ञानिक अध्ययन हेतु भारत की अन्तर्जलीय वेधशाला (अंडरवाटर ऑब्ज़र्वेटरी)**

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:**

- IndARC (India's Arctic Observatory to Climate Change) आर्कटिक क्षेत्र के वैज्ञानिक अध्ययन के लिये एक अन्तजलीय वेधशाला (Underwater Observatory) है।
- इन्डआर्क (IndARC) देश की पहली मल्टीसेंसर वाली वेधशाला है जो आर्कटिक के कोंग्सफजॉर्डन जॉर्ड (Kongsfjorden Fjord) में तैनात की गई है। आर्कटिक कोंग्सफजॉर्डन जॉर्ड नॉर्वे और उत्तरी ध्रुव के लगभग बीच में है।
- इस वेधशाला को ईएसएसओ-एनआईओटी (ESSO–NIOT) और ईएसएसओ-एनसीएओआर (ESSO–NCAOR) ने डिज़ाइन और विकसित किया है।
- यह वेधशाला 192 मी. गहराई पर उत्तरी ध्रुव से करीब 1100 किमी. दूरी (78°57' N 12°01' E) पर तैनात की गई है।
- इसमें अत्याधुनिक समुद्र वैज्ञानिक सेंसर लगे हैं जो समुद्री जल के वातावरण, लवणता, धारा और अन्य महत्त्वपूर्ण मानदंडों के बारे में वास्तविक आँकड़े उपलब्ध कराते हैं।

**3. प्राय: समाचारों में देखी जाने वाली 'बीजिंग घोषणा और कार्रवाई मंच (बीजिंग डिक्लेरेशन एंड प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन)' निम्नलिखित में से क्या है?**

**(a) क्षेत्रीय आतंकवाद से निपटने की एक कार्यनीति (स्ट्रैटजी), शंघाई सहयोग संगठन (शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइज़ेशन) की बैठक का एक परिणाम**

**(b) एशिया-प्रशान्त क्षेत्र में धारणीय आर्थिक संवृद्धि की एक कार्य-योजना, एशिया-प्रशान्त आर्थिक मंच (एशिया-पैसिफिक इकॉनमिक फोरम) के विचार-विमर्श का एक परिणाम**

**(c) महिला सशक्तीकरण हेतु एक कार्यसूची, संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित विश्व सम्मेलन का एक परिणाम**

**(d) वन्य जीवों के दुर्व्यापार (ट्रैफिकिंग) की रोकथाम हेतु कार्यनीति, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईस्ट एशिया समिट) की एक उद्घोषणा**

*सही उत्तर:* (c)

**व्याख्या:**

- लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिये संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं पर आयोजित चौथे सम्मेलन (वर्ष 1995 में बीजिंग में आयोजित) में बीजिंग घोषणा तथा कार्रवाई को सभी सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया गया।
- इस सम्मेलन से पूर्व 'यू.एन.' द्वारा महिलाओं पर तीन वैश्विक सम्मेलन क्रमश: मेक्सिको (1975), कोपनहेगन (1980) और नैरोबी (1985) में आयोजित किये गए थे।
- नवंबर 2014 में एशिया प्रशांत संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (ESCAP) के अधीन बैंकॉक (थाईलैंड) में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें इस घोषणा के एशिया प्रशांत क्षेत्र में क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।
- मार्च 2015 में न्यूयॉर्क में बीजिंग + 20 समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था।

**4. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये-**

**1. चीन** **2. फ्राँस**

**3. भारत** **4. इज़राइल**

**5. पाकिस्तान**

**उपर्युक्त में से कौन-से देश, परमाणु शस्त्रों के अप्रसार विषयक संधि (ट्रीटी ऑन द नॉन-प्रोलिफरेशन ऑफ न्यूक्लियर वेपन्स) जिसे सामान्यत: परमाणु अप्रसार संधि (न्यूक्लियर नॉन-प्रोलिफरेशन ट्रीटी) (NPT) के नाम से जाना जाता है, की मान्यता के अनुसार, परमाणु शस्त्र-सम्पन्न राज्य (न्यूक्लीयर वेपन्स स्टेट्स) हैं?**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 1, 3, 4 और 5**

**(c) केवल 2, 4 और 5** **(d) 1, 2, 3, 4 और 5**

*सही उत्तर:* (a)

**व्याख्या:**

- परमाणु अप्रसार संधि मार्च 1970 में लागू हुई। इसके तहत केवल उन देशों को **परमाणु शस्त्र संपन्न राज्य (Nuclear Weapon State–NWS)** का दर्जा दिया गया, जिन्होंने 1 जनवरी, 1967 से पहले परमाणु विस्फोटक उपकरण का निर्माण अथवा परीक्षण किया हो। इस श्रेणी में केवल 5 देश शामिल हैं– संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन, फ्राँस और यूनाइटेड किंगडम (UK)। अन्य सभी देशों को गैर परमाणु शस्त्र संपन्न देश (NNWS) की श्रेणी में रखा गया है।
- भारत, पाकिस्तान, इज़राइल एवं दक्षिण सूडान ने इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये। उत्तर कोरिया ने 1985 में इसे स्वीकार किया, किंतु 2003 में इससे संबंध विच्छेद की घोषणा कर दी।

अत: इस प्रश्न में दिये गए विकल्पों में से केवल चीन और फ्राँस ही परमाणु अप्रसार संधि के हस्ताक्षरकर्त्ता हैं। अत: विकल्प (a) सही है।

**5. हाल ही में समाचारों में आई 'फोर्टालेजा उद्घोषणा (फोर्टालेजा डिक्लेरेशन)' निम्नलिखित में से किसके मामलों से संबंधित है?**

**(a) ASEAN** **(b) BRICS**

**(c) OECD** **(d) WTO**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** फोर्टालेजा उद्घोषणा BRICS देशों से संबंधित है। जुलाई 2014 में ब्राज़ील के शहर फोर्टालेजा में ब्रिक्स देशों का छठा सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन में इस समूह ने 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आधार राशि से न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के गठन के लिये दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये।

**6. राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत (नैशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया) (NIF) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**1. NIF, केंद्रीय सरकार के अधीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की एक स्वायत्त संस्था है।**

**2. NIF, अत्यंत उन्नत विदेशी वैज्ञानिक संस्थाओं के सहयोग से भारत की प्रमुख (प्रीमियर) वैज्ञानिक संस्थाओं में अत्यंत उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान को मज़बूत करने की एक पहल है।**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1 और न ही 2**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान की भारत में स्थापना मार्च 2000 में हुई थी जो केंद्र सरकार के अधीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एक स्वायत्त संस्था है। यह भारत के आमजन के तकनीकी नवाचारों एवं उत्कृष्ट परंपरागत ज्ञान को मज़बूत करने के लिये एक राष्ट्रीय पहल है, न कि विदेशी वैज्ञानिक संस्थाओं के सहयोग से भारत की वैज्ञानिक संस्थाओं में वैज्ञानिक अनुसंधान को मज़बूत करने की पहल। अत: केवल कथन 1 सही है।

**7. निम्नलिखित में से किनका, इबोला विषाणु के प्रकोप के लिये हाल ही में समाचारों में बार-बार उल्लेख हुआ?**

**(a) सीरिया और जॉर्डन**

**(b) गिनी, सिएरा लिओन और लाइबेरिया**

**(c) फिलिपीन्स और पापुआ न्यू गिनी**

**(d) जमैका, हैती और सुरिनाम** *सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** इबोला विषाणु के प्रकोप से मानव एवं अन्य प्राइमेट्स hemorrhagic फीवर से ग्रस्त हो जाते हैं। इस रोग से ग्रसित लगभग 50% रोगियों की मृत्यु हो जाती है।

मार्च 2014 से विश्व भर में 11,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई है। इसमें से अधिकांश मौतें पश्चिम अफ्रीका के देशों– लाइबेरिया, सिएरा लिओन और गिनी में दर्ज़ की गई हैं।

हालाँकि इस वायरस का प्रथम प्रकोप कॉन्गो गणराज्य में 1976 में इबोला नदी के आस-पास के गाँवों में हुआ था।

**8. 'गोलन हाइट्स' के नाम से जाना जाने वाला क्षेत्र निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित घटनाओं के संदर्भ में यदा-कदा समाचारों में आता है?**

**(a) मध्य एशिया** **(b) मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट)**

**(c) दक्षिण-पूर्व एशिया** **(d) मध्य अफ्रीका**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 'गोलन हाइट्स' मध्य-पूर्व (मिडल ईस्ट) में अवस्थित क्षेत्र है। वर्ष 1948 के अरब-इज़राइल युद्ध के पश्चात् इस क्षेत्र का इजराइल-सीरिया युद्ध विराम समझौते द्वारा असैन्यीकरण कर दिया गया।

वर्ष 1967 में इज़राइल ने इसके 2/3 भाग पर कब्ज़ा कर लिया। तब से यह क्षेत्र इज़राइल एवं सीरिया के मध्य विवाद का विषय बना हुआ है।

**9. वर्ष 2014 के लिये इंदिरा गांधी शान्ति, निशस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार निम्नलिखित में से किस एक को दिया गया था?**

**(a) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र**

**(b) भारतीय विज्ञान संस्थान**

**(c) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन**

**(d) टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान** *सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2014 के लिये इंदिरा गांधी शांति, निशस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** को प्रदान किया गया था। वर्ष 2015 में यह पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR) को प्रदान किया गया।
- यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की याद में स्थापित इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट (1986) द्वारा दिया जाता है। यह पुरस्कार किसी व्यक्ति या संस्था को दिया जाता है जिसने अंतर्राष्ट्रीय शांति, विकास और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में रचनात्मक प्रयास किया हो।

- इस पुरस्कार में ₹25 लाख एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार सर्वप्रथम 1986 में पार्लियामेंटेरिअन्स फॉर ग्लोबल एक्शन (Parliamentarians for Global Action) को प्रदान किया गया था। इसके बाद प्रमुख प्राप्तकर्त्ताओं में राजीव गांधी (1991), एम.एस स्वामीनाथन (1999), कोफी अन्नान (2003), इला भट्ट (2011, SEWA की संस्थापक) आदि हैं।

**10. ऐम्नेस्टी इंटरनेशनल क्या है?**

**(a) गृहयुद्धों के शरणार्थियों की मदद के लिये संयुक्त राष्ट्र का एक अभिकरण**

**(b) विश्वव्यापी मानव अधिकार आन्दोलन**

**(c) अति निर्धन लोगों की मदद के लिये एक ग़ैर-सरकारी स्वैच्छिक संगठन**

**(d) युद्ध से विनष्ट हुए क्षेत्रों में चिकित्सा आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिये एक अन्तर-सरकारी अभिकरण**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**

- ऐम्नेस्टी इंटरनेशनल एक स्वयंसेवी संस्था है जिसने अपना उद्देश्य 'मानवीय मूल्यों एवं मानवीय स्वतंत्रता को बचाने एवं भेदभाव मिटाने के लिये शोध एवं कार्य करना तथा **मानवाधिकारों की रक्षा** के लिये लड़ना' घोषित किया है। इसकी स्थापना 1961 में पीटर बेनेन्सन द्वारा लंदन में की गई थी। उत्पीड़न के खिलाफ अभियान चलाने के लिये इस संस्था को 1977 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- 'संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त' (United Nations High Commissioner for Refugees: UNHCR) शरणार्थियों की मदद के लिये संयुक्त राष्ट्र का एक अभिकरण है।
- डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (Doctors Without Borders) नामक संस्था युद्ध में विनष्ट हुए क्षेत्रों में चिकित्सा आकस्मिकताओं को पूरा करने का कार्य करती है।

**11. भारत निम्नलिखित में से किसका/किनका सदस्य है?**

**1. एशिया-प्रशान्त आर्थिक सहयोग (एशिया-पैसिफिक इकॉनमिक कोऑपरेशन)**

**2. दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट एशियन नेशन्स)**

**3. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईस्ट एशिया समिट)**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1 और 2**

**(b) केवल 3**

**(c) 1, 2 और 3**

**(d) भारत इनमें से किसी का सदस्य नहीं है**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:**

- **एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC):** पैसिफिक रिम के देशों के बीच मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिये 1989 में इस फोरम की स्थापना हुई। इसका मुख्यालय सिंगापुर में है। इसके 21 सदस्य देश हैं।
- **दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (ASEAN):** यह दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का समूह है जो आपस में आर्थिक विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने तथा क्षेत्रीय स्थिरता एवं शांति स्थापित करने के उद्देश्य से वर्ष 1967 में स्थापित किया गया था। इसका सचिवालय जकार्ता (इंडोनेशिया) में है। दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देश इसके सदस्य हैं।
- **ईस्ट एशिया समिट (EAS):** इस फोरम का गठन पूर्वी एवं दक्षिण एशिया क्षेत्र के साझा हित हेतु व्यापक रणनीतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक मुद्दों पर वार्तालाप एवं शांति स्थिरता एवं आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 2005 में किया गया था। वर्तमान में 18 देश इसके सदस्य हैं- आसियान के 10 देश, ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण कोरिया, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका।

**नोट:** भारत APEC एवं ASEAN का सदस्य नहीं हैं जबकि ईस्ट एशिया समिट का सदस्य है, अत: विकल्प (b) सही है।

**12. मेकाँग-गंगा सहयोग में, जो छः देशों की पहल है, निम्नलिखित में से कौन-सा/से देश प्रतिभागी नहीं है/हैं?**

**1. बांग्लादेश**   **2. कम्बोडिया**

**3. चीन**   **4. म्याँमार**

**5. थाईलैंड**

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1**   **(b) केवल 2, 3 और 4**

**(c) 1 और 3**   **(d) 1, 2 और 5**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** 6 सदस्यीय मेकॉन्ग-गंगा सहयोग (MGC) की स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी जिसका उद्देश्य **भारत** एवं मेकॉन्ग क्षेत्र के 5 आसियान देशों **(कंबोडिया, लाओस, म्याँमार, वियतनाम और थाईलैंड)** के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना है। मेकॉन्ग-गंगा सहयोग (MGC) के अंतर्गत सहयोग के प्रमुख क्षेत्र पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा, परिवहन एवं संचार हैं। जिनका उद्देश्य सभी सहयोग क्षेत्रों के लोगों के बीच संबंध मज़बूत करना है। इसके अलावा, MGC देशों के मध्य लघु मध्यम उद्योगों, चावल के जर्मप्लाज्म के संरक्षण, स्वास्थ्य एवं महामारी प्रबंधन एवं नालंदा विश्वविद्यालय में एक संयुक्त पुरालेख संस्थान केंद्र की स्थापना करने आदि क्षेत्रों में भी प्रयास किये जा रहे हैं।

इस प्रकार MGC में चीन एवं बांग्लादेश शामिल नहीं हैं अत: विकल्प (c) सही है।

13. 'क्षेत्रीय सहयोग के लिये हिन्द महासागर रिम संघ [इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन फॉर रीजनल कोऑपरेशन (IOR-ARC)]' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसकी स्थापना हाल ही में समुद्री डकैती की घटनाओं और तेल अधिप्लाव (ऑयल स्पिल्स) की दुर्घटनाओं के प्रतिक्रियास्वरूप की गई है।
2. यह एक ऐसी मैत्री है जो केवल समुद्री सुरक्षा हेतु है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:** IOR-ARC (Indian Ocean Rim Association for Regional Co-operation) की स्थापना 1997 में मॉरीशस में हुई थी जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में व्यापार एवं निवेश का सरलीकरण करना था। इसके अन्य प्राथमिकता क्षेत्र हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा (समुद्री डकैती से सुरक्षा सहित), आपदा न्यूनीकरण (ऑयल स्पिल्स दुर्घटनाओं सहित), मत्स्यन प्रबंधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग, पर्यटन को बढ़ावा एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान आदि हैं।

- इसका मुख्यालय मॉरीशस में है एवं हिंद महासागर के तटवर्ती 23 देश इसके सदस्य हैं। चीन एवं संयुक्त राज्य अमेरिका सहित 9 देश इसके वार्ता भागीदार (Dialogue Partners) भी हैं।
- इस प्रकार, इसकी स्थापना हाल ही में समुद्री डकैती एवं ऑयल स्पिल्स की घटनाओं के प्रतिक्रियास्वरूप नहीं हुई है, अत: कथन 1 गलत है। यह सहयोग केवल समुद्री सुरक्षा के लिये नहीं है, अत: कथन 2 भी गलत है। इसलिये विकल्प (d) सही है।

14. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, 'बीज ग्राम संकल्पना (सीड विलेज कॉन्सेप्ट)' के प्रमुख उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(a) किसानों को अपने ही खेत के बीजों का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करना और उन्हें दूसरों से बीज खरीदने के लिये हतोत्साहित करना।
(b) किसानों को गुणतायुक्त बीज उत्पादन का प्रशिक्षण देने में लगाना और उनके द्वारा दूसरों को समुचित समय पर तथा वहन करने योग्य लागत में गुणतायुक्त बीज उपलब्ध कराना।
(c) कुछ ग्रामों को अनन्य रूप से प्रमाणित बीजों के उत्पादन के लिये ही उद्दिष्ट (इयरमार्क) करना।
(d) ग्रामों में उद्यमियों को अभिज्ञात (आइडेंटिफाइ) करना तथा उन्हें बीज कम्पनियों की स्थापना करने के लिये प्रौद्योगिकी और वित्त उपलब्ध कराना।

*सही उत्तर:* (b)

**व्याख्या:** बीज ग्राम संकल्पना (सीड विलेज कॉन्सेप्ट) का प्रमुख उद्देश्य, किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन का प्रशिक्षण देने में लगाना और उनके द्वारा दूसरों को समुचित समय पर तथा वहन करने योग्य लागत में गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराना है। बीज़ ग्राम से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य निम्नवत् हैं-

- राष्ट्रीय बीज़ नीति, 2002 में बीज़ ग्राम की संकल्पना को विकसित करने की बात की गई है।
- मूलत: यह अवधारणा तमिलनाडु में विकसित हुई जहाँ इसका इस्तेमाल किसानों को वहनीय लागत पर गुणवत्तापूर्ण बीज़ उपलब्ध कराने में किया जाता है।

## 2014

1. बारहवीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a) समावेशी विकास और गरीबी न्यूनीकरण
(b) समावेशी एवं धारणीय विकास
(c) बेरोज़गारी घटाने हेतु धारणीय एवं समावेशी विकास
(d) तीव्रतर, धारणीय एवं ज़्यादा समावेशी विकास

*सही उत्तर:* (d)

**व्याख्या:** बारहवीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) का मुख्य उद्देश्य इसके दृष्टिकोण प्रपत्र के अनुसार, 'तीव्र, अधिक समावेशी और धारणीय विकास' है।

- 11वीं पंचवर्षीय योजना का मुख्य लक्ष्य था- 'तीव्रतर और अधिक समावेशी विकास की ओर'। उल्लेखनीय है कि 11वीं पंचवर्षीय योजना में आर्थिक वृद्धि की दर 7.9 प्रतिशत रही, जो लक्ष्य 9 प्रतिशत से कम व 10वीं पंचवर्षीय योजना में प्राप्त 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से थोड़ी ज़्यादा रही।

2. BRICS के रूप में ज्ञात देशों के एक समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. BRICS का पहला शिखर सम्मेलन रिओ डी जेनेरो में 2009 में हुआ था।
2. दक्षिण अफ्रीका BRICS समूह में अंत में शामिल हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

*सही उत्तर:* (b)

**व्याख्या:** BRICS (तत्कालीन BRIC) का पहला शिखर सम्मेलन 16 जून, 2009 को रूस के येकाटेरिनबर्ग नामक स्थान पर हुआ, न कि रिओ डी जेनेरो में। (इसमें 4 देशों- ब्राज़ील, रूस, भारत एवं चीन ने हिस्सा लिया था।)

- BRICS का तीसरा शिखर सम्मेलन अप्रैल 2011 में चीन के सान्या शहर में हुआ था। दक्षिण अफ्रीका इस सम्मेलन द्वारा शामिल हुआ था। इस प्रकार, दक्षिण अफ्रीका BRICS समूह में शामिल होने वाला अंतिम देश है।
- अत: केवल कथन 2 सही है। BRICS के बारे में-
- BRICS पाँच प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है जहाँ विश्व भर की 43% आबादी रहती है, जहाँ की GDP विश्व की 37% है और विश्व व्यापार में इनकी हिस्सेदारी 17% है।

- ‘BRICS’ शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग वर्ष 2001 में गोल्डमैन साक्स के चेयरमैन जिम ओ नील द्वारा अपने वैश्विक आर्थिक पत्र ‘The World Needs Better Economic BRICS’ में किया गया, जिसमें आर्थिक विश्लेषण के आधार पर यह अनुमान लगाया गया कि आने वाले समय में ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाओं का व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से विश्व के आर्थिक क्षेत्रों पर नियंत्रण होगा और अगले 50 वर्षों में ये विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभरेंगी।
- BRICS का आठवाँ शिखर सम्मेलन अक्तूबर 2016 में भारत के पणजी (गोवा), में आयोजित किया गया। भारत की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस शिखर सम्मेलन का ध्येय वाक्य था- उत्तरदायी, समावेशी तथा सामूहिक समाधान निरूपित करना। (Building Responsive, Inclusive and Collective Solutions)

**3. हाल ही में एक जन-विद्रोह श्रृंखला, जिसे ‘अरब स्प्रिंग’ कहा गया, मूलतः किस देश से शुरू हुई?**

**(a) मिस्र (ईज़िप्ट)** **(b) लेबनॉन**

**(c) सीरिया** **(d) ट्यूनीशिया**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** मध्यपूर्व एवं उत्तरी अफ्रीका में सत्तावादी शासन व्यवस्था के विरुद्ध ‘अरब स्प्रिंग’ नामक जन विद्रोह श्रृंखला शुरू हुई थी। इसका आरंभ उत्तरी अफ्रीका के देश **ट्यूनीशिया** से दिसंबर 2010 से हुआ था, जहाँ इसे ‘जेस्मीन क्रांति’ (Jasmine revolution) नाम दिया गया था। विद्रोहियों ने शीघ्र ही देश के सुरक्षा बलों को पराजित कर दिया एवं जनवरी 2011 में राष्ट्रपति जिन-आय-अबीदिन बेन अली को इस्तीफा देने एवं देश छोड़कर भाग जाने को मजबूर कर दिया।

जनवरी 2011 में मिस्र की होस्नी मुबारक सरकार के ख़िलाफ़ भी व्यापक जन विद्रोह फूट पड़ा। धीरे-धीरे यह क्रांति अन्य उत्तरी अफ्रीकी देशों एवं मध्य-पूर्व के देशों में भी फैल गई।

**4. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-**

| **कार्यक्रम/परियोजना** | **मंत्रालय** |
|---|---|
| **1. सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम** | **: कृषि मंत्रालय** |
| **2. मरुस्थल विकास कार्यक्रम** | **: पर्यावरण एवं वन मंत्रालय** |
| **3. वर्षापूरित क्षेत्रों हेतु राष्ट्रीय जलसंभर विकास परियोजना** | **: ग्रामीण विकास मंत्रालय** |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 3**

**(c) 1, 2 और 3** **(d) कोई नहीं**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** सूखे की समस्या को हल करने के लिये वर्ष 1973-74 में सूखा-प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम (DPAP) शुरू किया गया। इसका उद्देश्य जन संसाधनों का प्रबंधन तथा संरक्षण भूमि सुधार, मृदा तथा मृदा आर्द्रता का संरक्षण, सामाजिक वानिकी पर बल, डेयरी फार्मिंग का विकास आदि है। सूखा-प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम ‘ग्रामीण विकास मंत्रालय’ के भूमि संसाधन विभाग से संबंधित है।

- मरुस्थल विकास कार्यक्रम 1977-78 में शुरू किया गया। यह 7 राज्यों (राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, आंध्र प्रदेश तथा कनार्टक) में शुरू किया गया। इन राज्यों में शुष्क एवं शीत मरुस्थल है। शुष्क मरुस्थलों में केंद्र तथा राज्य सरकारों की हिस्सेदारी (75:25) है जबकि शीत मरुस्थल में पूर्ण हिस्सेदारी केंद्र सरकार की है। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य मरुस्थलीय इलाकों के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग, रोज़गार के अवसरों का सृजन, गरीबी तथा निरक्षरता को दूर करना तथा जन-साधारण के जीवन स्तर को ऊँचा उठाना है। यह भी ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग से संबंधित है।
- जबकि राष्ट्रीय जलसंभर विकास परियोजना का क्रियान्वयन ‘कृषि मंत्रालय’ द्वारा किया जा रहा है।

## 2013

**1. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

**1. इसका उद्देश्य समान अवसरों के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवाएँ उपलब्ध कराना है।**

**2. यह देशभर में विधिक कार्यक्रमों और योजनाओं को लागू करने के लिये राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1 और न ही 2**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA - National Legal Service Authority) का गठन संविधान के अनुच्छेद 39A के तहत ‘समान न्याय एवं निःशुल्क विधिक सहायता’ प्रदान करने के लिये 5 दिसंबर, 1995 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया। इसका उद्देश्य लोक अदालतों का आयोजन कर समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता प्रदान करना तथा मामलों का सौहार्द्रपूर्ण निपटारा करना है।

- इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली विधिक सहायता पूर्णतः निःशुल्क होती है।
- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की नीतियों एवं निर्देशों को क्रियान्वित करने के लिये प्रत्येक राज्य में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है।
- इसके साथ ही ज़िले के स्तर पर विधिक सेवा कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिये प्रत्येक ज़िले में ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना की गई है। संबंधित ज़िले के ज़िला जज के द्वारा ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता की जाती है।

## 2012

**1. हाल में तत्त्वों के एक वर्ग, जिसे 'दुर्लभ मृदा धातु' कहते हैं, की कम आपूर्ति पर चिन्ता जताई गई। क्यों?**

**1. चीन, जो इन तत्त्वों का सबसे बड़ा उत्पादक है, द्वारा इनके निर्यात पर कुछ प्रतिबन्ध लगा दिया गया है।**

**2. चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और चिली को छोड़कर अन्य किसी भी देश में ये तत्त्व नहीं पाए जाते हैं।**

**3. दुर्लभ मृदा धातु विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्माण में आवश्यक है और इन तत्त्वों की मांग बढ़ती जा रही है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** दुर्लभ मृदा, आवर्त सारणी में ज्ञात 118 रासायनिक तत्त्वों में से 17 तत्त्वों का एक प्रमुख समूह है। प्रमुख रूप से लैन्थानाइड समूह के रासायनिक तत्त्वों के 15 तत्त्व और स्कैन्डियम और इट्रियम (Yttrium) को सम्मिलित रूप में दुर्लभ मृदा धातु के नाम से जानते हैं। प्रश्न के विकल्पों के संदर्भ में मुख्य तथ्य निम्नवत् हैं-

- चीन अकेले दुर्लभ मृदा धातु की वैश्विक आपूर्ति के 37 प्रतिशत के लिये ज़िम्मेवार है। मिसाइल निर्देश प्रणाली, जेट फाइटर इंजनों, अंडरवाटर माइन डिटेक्टर्स आदि में इसके व्यापक महत्त्व को देखते हुए चीन ने वर्ष 2011 में इसके निर्यात व खनन पर कुछ प्रतिबंध लगा दिया। विश्व की हरित प्रौद्योगिकियाँ इसी मृदा पर निर्भर हैं, चीन को यह पता था।
- चीन विश्व के कुल दुर्लभ मृदा का 95 प्रतिशत से अधिक का उत्पादन करता है। चीन का निर्णय इस धातु की मांग को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में बढ़ाने के लिये किया गया।
- दुर्लभ मृदा धातु विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामानों, डिस्क ड्राइव्स, MP3 प्लेयर्स, मिनिएचर चार्जेबल बैटरीज़, डिस्प्ले, टीवी मॉनिटर्स, रेंजफाइन्डर्स, नाइट विजन चश्में, मोबाइल फोन, मैग्नेट, स्टील, एमआरआई कॉन्ट्रास्ट एजेंट और फॉस्फोरस के निर्माण में विविध रूपों में प्रयुक्त होता है।
- वर्ष 2014 तक वैश्विक स्तर पर दुर्लभ मृदा निक्षेपों/भंडारों के मामले में चीन प्रथम स्थान पर था। उसके बाद क्रमशः ब्राज़ील (22 हज़ार मीट्रिक टन), ऑस्ट्रेलिया (3,200 मीट्रिक टन) भारत (3,100 मीट्रिक टन), अमेरिका (1,800 मीट्रिक टन) और मलेशिया (30 मीट्रिक टन) का स्थान था।

**2. भारतीय विधान के प्रावधानों के अंतर्गत उपभोक्ताओं के अधिकारों/विशेषाधिकारों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**1. उपभोक्ताओं को खाद्य की जाँच करने के लिये नमूने लेने का अधिकार है।**

**2. उपभोक्ता यदि उपभोक्ता मंच में अपनी शिकायत दर्ज़ कराता है, तो उसे उसके लिये कोई फीस नहीं देनी होती।**

**3. उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने पर, उसका वैधानिक उत्तराधिकारी उसकी ओर से उपभोक्ता मंच में शिकायत दर्ज़ कर सकता है।**

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2 और 3**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** भारत में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिये उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 लाया गया। इस अधिनियम में उपभोक्ताओं में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लिये राष्ट्रीय, राज्य एवं ज़िला स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण परिषद् की स्थापना का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत उपभोक्ताओं को खाद्य की जाँच के लिये नमूने लेने का अधिकार है जिनकी उपभोक्ता मंच के माध्यम से यथोचित प्रयोगशाला में जाँच का प्रावधान है। यदि उपभोक्ता इस मंच में अपनी शिकायत दर्ज़ करवाता है तो उसको निश्चित कोर्ट फीस देनी होती है। उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने पर उसका वैधानिक उत्तराधिकारी उसकी ओर से ऐसी शिकायत दर्ज़ करा सकता है। अतः कथन 1 और 3 सही है, किंतु कथन 2 गलत है।

**3. निम्नलिखित में से कौन-से मूलतः 'समावेशी शासन' के अंग कहे जा सकते हैं?**

**1. गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों को बैंकिंग करने की अनुमति प्रदान करना।**

**2. सभी ज़िलों में प्रभावी ज़िला योजना समितियाँ गठित करना।**

**3. जन-स्वास्थ्य पर सरकारी व्यय में बढ़ोतरी करना।**

**4. 'दोपहर का भोजन' योजना का सशक्तीकरण करना।**

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1 और 2** **(b) केवल 3 और 4**

**(c) केवल 2, 3 और 4** **(d) 1, 2, 3 और 4**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** समावेशी शासन के अंतर्गत सभी जाति, धर्म, लिंग, वर्ग के लोगों के प्रतिनिधित्व को शामिल किया जाता है, ताकि उनकी समस्याओं को समझकर समाज के सबसे निचले तबके को भी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके, समावेशी शासन की पहचान है।

## 2011

**1. कार्ल मार्क्स ने संघर्ष की प्रक्रिया को निम्नलिखित में से किस सिद्धांत की मदद से समझाया है?**

**(a) आनुभविक उदारवाद** **(b) अस्तित्ववाद**

**(c) डार्विन का विकासवाद** **(d) द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** कार्ल मार्क्स ने वर्ग संघर्ष को द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद से समझाया है। इसके अनुसार समाज में दो समूह हैं। एक वह जो उत्पादन के साधनों पर नियंत्रण रखता है (हैव्स), द्वितीय वह जो उत्पादन के साधनों पर कोई अधिकार नहीं रखता (हैव नॉट्स)।

- मार्क्स का द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद हीगेल की दार्शनिक विचारधारा और 19वीं शताब्दी के भौतिकवाद के बीच की कड़ी था। उसका निष्कर्ष यह है कि स्वामी और श्रमिक पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के दो विपरीत ध्रुव हैं, जिनके बीच संघर्ष अनिवार्य है।
- मार्क्स के अनुसार, उत्पादन के साधनों का नियंत्रणकर्ता उत्पादन के सभी लाभों को अपने पक्ष में मोड़ लेता है, साथ ही भविष्य में भी उत्पादन के साधनों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिये वह आर्थिक साधनों के साथ-साथ अन्य राजनीतिक, सांस्कृतिक साधनों पर नियंत्रण स्थापित करना चाहता है।
- इस शोषण के कुचक्र को तोड़ने के लिये मार्क्स ने क्रांति द्वारा संघर्ष का नारा दिया तथा सम्पूर्ण व्यवस्था को पलटने की योजना रखी।
- उसने कहा कि "दुनिया के मज़दूरों एक हो जाओ तथा अपनी दासता की ज़ंजीरें तोड़ दो।"

**2. निम्नलिखित में से किस एक के द्वारा भारत और पूर्वी एशिया के बीच नौसंचालन समय (नेविगेशन टाइम) और दूरी अत्यधिक कम किये जा सकते हैं?**

**1. मलेशिया और इंडोनेशिया के बीच मलक्का जलडमरूमध्य को अधिक गहरा बना कर।**

**2. सियाम खाड़ी और अंडमान सागर के बीच क्रा भू-संधि जलडमरूमध्य के पार नई नहर खोलकर।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 2**

**(c) 1 और 2 दोनों** **(d) न तो 1 और न ही 2**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** मलक्का जलसंधि मलेशियाई प्रायद्वीप एवं इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के बीच स्थित है। यह दक्षिण चीन सागर को अंडमान सागर से जोड़ता है तथा मलक्का प्रायद्वीप को सुमात्रा द्वीप से अलग करता है। वर्तमान समय में भारत एवं पूर्वी एशिया के बीच लगभग शत-प्रतिशत व्यापार मलक्का जलसंधि से ही होता है। यहाँ से प्रतिवर्ष लगभग 94000 जलपोतों का परिवहन होता है जो भारत को पूर्वी एशियाई देशों यथा-चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान इत्यादि से जोड़ता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि मलक्का को अधिक गहरा करने से दूरी एवं नौसंचालन समय में कमी नहीं की जा सकती है। अत: कथन 1 गलत है।

- क्रा भू-संधि मलेशियाई प्रायद्वीप का एक सँकरा स्थलीय भाग है जो म्याँमार एवं थाइलैंड की दक्षिणी सीमा पर स्थित है। इसका पश्चिमी किनारा अंडमान सागर तथा पूर्वी किनारा थाइलैंड की खाड़ी से जुड़ा हुआ है। यदि यहाँ से नहर निकाली जाती है तो भारत और पूर्वी एशियाई देशों के बीच की दूरी हज़ारों मील तक कम होने के साथ-साथ नौवहन समय में भारी कमी की जा सकती है। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में क्रा भू-संधि पर 'थाई नहर' प्रस्तावित की गई है, जो क्रा भू-संधि को काटते हुए थाइलैंड की खाड़ी को अंडमान सागर से जोड़ती है।

**3. तेल की वैश्विक कीमतों के संदर्भ में 'ब्रेंट कच्चे तेल' (Brent Crude Oil) का समाचारों में प्राय: उल्लेख आता है। इस पद का क्या अभिप्राय है?**

**1. यह कच्चे तेल का एक प्रमुख वर्गीकरण है।**

**2. यह उत्तरी सागर से प्राप्त किया जाता है।**

**3. यह सल्फर मुक्त होता है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(a) केवल 2** **(b) केवल 1 और 2**

**(c) केवल 1 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** तेल की वैश्विक कीमतों के संदर्भ में ब्रेंट कच्चे तेल से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य निम्नवत् हैं-

- यह कच्चे तेल का एक प्रमुख वर्गीकरण है।
- यह वैश्विक बेंचमार्क क्रूड ऑयल है जो उत्तरी सागर में उत्पादित किया जाता है और लंदन में इसका व्यापार किया जाता है।
- यह मध्य-पूर्व से अधिकांश तेल के मूल्य का निर्धारण करने वाला बेंचमार्क है।
- ब्रेंट क्रूड के भंडार मध्य-पूर्व तथा उत्तरी अफ्रीका में हैं।
- इसमें सल्फर की मात्रा 0.37% से 0.45% तक होती है, अत: इसे सल्फर मुक्त नहीं कहा जा सकता।
- विश्व के दो-तिहाई क्रूड ऑयल के मूल्य के निर्धारण में ब्रेंट क्रूड का योगदान है।
- ब्रेंट क्रूड ऑयल की स्पेसिफिक ग्रैविटी लगभग 0.835 होती है।

**4. 'न्यू स्टार्ट संधि' (New START treaty) समाचारों में रही थी। यह संधि क्या है?**

**(a) यह संयुक्त राज्य अमेरिका तथा रूसी संघ के बीच नाभिकीय शस्त्रों पर कटौती करने की द्विपक्षीय सामरिक महत्त्व की संधि है**

**(b) यह पूर्वी एशिया शीर्ष सम्मेलन के सदस्यों के बीच बहुपक्षीय ऊर्जा सुरक्षा सहयोग संधि है**

**(c) यह रूसी संघ तथा यूरोपीय संघ के बीच ऊर्जा सुरक्षा सहयोग संधि है**

**(d) यह 'ब्रिक्स' (BRICS) देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिये की गई बहुपक्षीय सहयोग संधि है**

*सही उत्तर:* **(a)**

**व्याख्या:** 'न्यू स्टार्ट संधि' (New Strategic Arms Reduction Treaty) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं रूसी संघ के बीच नाभिकीय शस्त्रों पर कटौती करने की द्विपक्षीय सामरिक संधि है। इस पर वर्ष 2010 में प्राग (चेक गणराज्य) में दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने हस्ताक्षर किये थे। इस संधि ने 1991 की START संधि का स्थान लिया जो दिसंबर 2009 में समाप्त हो गई थी।

5. **भारत की "पूर्व की ओर देखो" नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

 1. **भारत पूर्वी एशियाई मामलों में स्वयं को एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय नायक के रूप में स्थापित करना चाहता है।**
 2. **भारत शीत युद्ध समाप्त होने से उत्पन्न शून्य को भरना चाहता है।**
 3. **भारत अपने दक्षिण-पूर्वी तथा पूर्वी एशियाई पड़ोसियों के साथ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध पुनःस्थापित करना चाहता है।**

 **उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

 **(a) केवल 1**

 **(b) केवल 1 और 3**

 **(c) केवल 3**

 **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(b)**

**व्याख्या:** 1990 के पश्चात् वैश्वीकरण के दौर में भारत की P.V नरसिम्हा राव सरकार ने **'पूर्व की ओर देखो'** नीति आरंभ की, इस नीति का प्रमुख उद्देश्य पूर्वी एशियाई (विशेषकर ASEAN) देशों के साथ न केवल आर्थिक-वाणिज्यिक संबंध मज़बूत करना बल्कि ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध पुनःस्थापित करना भी था। पूर्वी एशिया में चीन को प्रति संतुलित करना एवं पूर्वी एशियाई मामलों में भारत की भूमिका को मज़बूत करना भी इसका उद्देश्य था। अतः कथन 1 और 3 सही हैं।

6. **भू-युद्धनीति की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र होने के नाते दक्षिण-पूर्वी एशिया लंबे अंतराल और समय से वैश्विक समुदाय का ध्यान आकर्षित करता आया है। इस वैश्विक संदर्श की निम्नलिखित में से कौन-सी व्याख्या सबसे प्रत्ययकारी है?**

 **(a) यह द्वितीय विश्व युद्ध का सक्रिय घटनास्थल था।**

 **(b) यह एशिया की दो शक्तियों चीन और भारत के बीच स्थित है।**

 **(c) यह शीत युद्ध की अवधि में महाशक्तियों के बीच परस्पर मुकाबले की रणभूमि थी।**

 **(d) यह प्रशांत महासागर और हिंद महासागर के बीच स्थित है और उसका चरित्र उत्कृष्ट समुद्रवर्ती है।** *सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** दक्षिण-पूर्वी एशिया, प्रशांत महासागर एवं हिंद महासागर के बीच अवस्थित क्षेत्र है। इसके अधिकांश देश समुद्री तट पर अवस्थित हैं इसके कई देश द्वीपीय हैं। चीन का इस क्षेत्र में व्यापक प्रभाव है एवं संयुक्त राज्य अमेरिका की 'पाइवोट एशिया पैसिफिक' नीति के कारण यह महत्त्वपूर्ण भू-रणनीतिक क्षेत्र है। यद्यपि विकल्प a, b और c भी कुछ हद तक सही हैं, किंतु इनमें सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प (d) है।

7. **हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका ने 'ऑस्ट्रेलिया समूह' तथा 'वासेनार व्यवस्था' के नाम से ज्ञात बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं में भारत के सदस्य बनाए जाने को समर्थन देने का निर्णय लिया है। इन दोनों व्यवस्थाओं के बीच क्या अंतर है?**

 1. **'ऑस्ट्रेलिया समूह' एक अनौपचारिक व्यवस्था है जिसका लक्ष्य निर्यातक देशों द्वारा रासायनिक तथा जैविक हथियारों के प्रगुणन में सहायक होने के जोखिम को न्यूनीकृत करना है, जबकि 'वासेनार व्यवस्था' OECD के अंतर्गत गठित औपचारिक समूह है जिसके समान लक्ष्य हैं।**
 2. **'ऑस्ट्रेलिया समूह' के सहभागी मुख्यतः एशियाई, अफ्रीकी और उत्तरी अमेरिका के देश हैं, जबकि 'वासेनार व्यवस्था' के सहभागी मुख्यतः यूरोपीय संघ और अमेरिकी महाद्वीपों के देश हैं।**

 **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

 **(a) केवल 1**

 **(b) केवल 2**

 **(c) 1 और 2 दोनों**

 **(d) न तो 1 और न ही 2**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** 'ऑस्ट्रेलिया समूह' और 'वासेनार व्यवस्था' से संबंधित तथ्य-

- ऑस्ट्रेलिया समूह उन देशों का सहकारी और स्वैच्छिक समूह है जो सामग्रियों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों के निर्यात को नियंत्रित करते हैं ताकि रासायनिक और जैविक हथियारों के विकास या अधिग्रहण में इसका प्रयोग न किया जा सके।
- इसका यह नाम इसलिये है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने यह समूह बनाने के लिये पहल की थी और वही इस संगठन के सचिवालय का प्रबंधन देखता है।
- ईरान-इराक युद्ध (1984) में जब इराक ने रासायनिक हथियारों का प्रयोग किया, (1925 जेनेवा प्रोटोकॉल का उल्लंघन) तब रासायनिक व जैविक हथियारों के आयात-निर्यात और प्रयोग पर नियंत्रण करने के लिये 1985 में इस समूह का गठन किया गया।
- ऑस्ट्रेलिया समूह के सभी सदस्य देश रासायनिक हथियार सम्मेलन और जैविक हथियार सम्मेलन का अनुसमर्थन करते हैं।
- 'वासेनार व्यवस्था (Wassenaar Arrangement) की स्थापना 1996 में वासेनार (नीदरलैंड) में की गई थी। इसका मुख्यालय वियना (ऑस्ट्रिया) में है।
- परंपरागत हथियारों और दोहरे उपयोग वाली वस्तु और प्रौद्योगिकी के निर्यात पर नियंत्रण रखना और परमाणु प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के दुरुपयोग, जैसे- सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने में इस्तेमाल को रोकना इसके प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है।

**8. भारत ने दक्षिण-पूर्वी एशिया के साथ अपने आरंभिक सांस्कृतिक संपर्क तथा व्यापारिक संबंध बंगाल की खाड़ी के पार बना रखे थे। निम्नलिखित में से कौन-सी बंगाल की खाड़ी के इस उत्कृष्ट आरंभिक समुद्री इतिहास की सबसे विश्वसनीय व्याख्या/व्याख्याएँ हो सकती है/हैं?**

**(a) प्राचीन काल तथा मध्यकाल में भारत के पास दूसरों की तुलना में अति उत्तम पोत निर्माण तकनीकी उपलब्ध थी।**

**(b) इस उद्देश्य के लिये दक्षिण भारतीय शासकों ने व्यापारियों, ब्राह्मण पुजारियों और बौद्ध भिक्षुओं को सदा संरक्षण दिया।**

**(c) बंगाल की खाड़ी में चलने वाली मानसूनी हवाओं ने समुद्री यात्राओं को सुगम बना दिया था।**

**(d) इस संबंध में (a) व (b) दोनों विश्वसनीय व्याख्याएँ हैं।**

*सही उत्तर:* **(c)**

**व्याख्या:** बंगाल की खाड़ी में चलने वाली मानसूनी हवाओं ने समुद्री यात्राओं को सुगम बना दिया था। इसी वज़ह से भारत के दक्षिण-पूर्वी एशिया के साथ बेहतर संबंध थे।

- समुद्री इतिहास में भारत को अपने 'व्यापार रहस्य' के कारण अग्रता प्राप्त थी। स्ट्रैबो कहता है कि भारतीयों को कुछ ऐसा रहस्य पता है जो हम ग्रीकों को नहीं पता। बंगाल की खाड़ी में चलने वाली मानसूनी हवाओं ने भारत के दक्षिण व दक्षिण-पूर्वी एशिया के संबंधों को सुगम बना दिया था। इसी वज़ह से भारत इस क्षेत्र में व्यापार में अग्रणी था।
- प्राचीन काल में भारत में नौका निर्माण की श्रेष्ठ तकनीक थी, परंतु मध्यकाल आते-आते यह विशिष्टता जाती रही। अत: कथन (a) पूर्णत: सत्य नहीं है।
- दक्षिण भारत में शासकों ने सदा ब्राह्मण पुजारियों, भिक्षुओं व व्यापारियों को प्रोत्साहन नहीं दिया। अत: कथन (b) भी गलत है।

**9. सरकार के समावेशित वृद्धि लक्ष्य को आगे ले जाने में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कार्य सहायक साबित हो सकता/सकते है/हैं?**

**1. स्वयं-सहायता समूहों (सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स) को प्रोत्साहन देना**

**2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देना**

**3. शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू करना**

**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-**

**(a) केवल 1** **(b) केवल 1 और 2**

**(c) केवल 2 और 3** **(d) 1, 2 और 3**

*सही उत्तर:* **(d)**

**व्याख्या:** समावेशित वृद्धि (Inclusive Growth) का आशय है- विकास के लाभों का समतामूलक वितरण करने के लिये समाज के बहिष्कृत वर्ग के साथ-साथ अन्य वर्गों की विकास की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करना। समावेशी विकास का व्यापक अर्थ है- सरकार सभी के विकास के लिये योजना, कार्यक्रमों के स्तर पर पहल करे और लोग विकास प्रक्रिया से जुड़ने की पहल करें। इसी दृष्टिकोण के साथ सरकार 'विकास सहभागिता' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।